



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 80 | कोरबा, शनिवार , दिनांक 21 दिसम्बर 2024 डाक 22 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
नई दिल्ली में शीतकालीन सत्र के दौरान अपने-अपने तख्तियों के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुए इंडिया ब्लॉक और बीजेपी के सांसद संसद परिसर में आमने-सामने आ गए।






**देश-विदेश**
काम नहीं आएगी डोनाल्ड ट्रंप की धमकी! अब कारोबारी मुद्दों पर मिलेंगे भारत व चीन





**फीचर पेज**
बच्चों के लिए ऑनलाइन कपड़े खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान

# गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी को लेकर बसपा ने किया 24 दिसंबर को देशव्यापी आंदोलन का ऐलान

**लखनऊ, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।**



**लखनऊ।** संसद में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को लेकर गृहमंत्री अमित शाह के बयान के बाद शुरू हुई विपक्षी दलों की सियासत ने अब तेजी पकड़ ली है। इसे लेकर बसपा मुखिया मायावती ने अब आंदोलन का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर को देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि देश के दलित, वंचित व अन्य उपेक्षितों के आत्मसम्मान व मानवीय हकूक के लिए अति-मानवतावादी व कल्याणकारी संविधान के रूप में असली ग्रंथ के रचयिता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर भगवान की तरह परमपूजनीय हैं। उनका अमित शाह द्वारा किया गया अनादर लोगों के दिलों को आहत पहुंचाता है। उन्होंने आगे लिखा कि ऐसे महापुरुष को लेकर संसद में इनके द्वारा कहे गए शब्दों से पूरे देश में सर्व समाज के लोग काफी उद्वेलित, आक्रोशित व आंदोलित हैं। अम्बेडकरवादी बीएसपी ने इस क्रम में उनसे बयान वापस लेने व पश्चाताप करने की मांग की है, जिसपर अभी तक भी अमल नहीं किया जा रहा है। मायावती ने कहा कि ऐसे में मांग न पूरी होने पर फिर पूरे देश में आवाज उठाने की बात बीएसपी द्वारा की गई। इसलिए अब पार्टी ने अपनी इस मांग के समर्थन में 24 दिसंबर 2024 को देशव्यापी आन्दोलन करने का फैसला लिया है।


उस दिन देश के सभी जिला मुख्यालयों पर पूर्णतः शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने आगे लिखा कि दलित/बहुजनों को अपने पैरों पर खड़े होकर आत्म-सम्मान के साथ जीने के लिए आजीवन कड़ा संघर्ष व आरक्षण सहित उनको अनेकों कानूनी हक दिलाने वाले उनके सच्चे मसीहा बाबा साहेब के नहीं रहने पर उनके अनुयायियों का हित व कल्याण ही उनका सबसे बड़ा सम्मान है, जिसके लिए बीएसपी समर्पित है। मायावती ने कहा कि अतः कांग्रेस, भाजपा आदि पार्टियां अगर बाबासाहेब का दिल से आदर-सम्मान नहीं कर सकती हैं तो उनका अनादर भी न करें। बाबासाहेब के कारण एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्गों को जिस दिन संविधान में कानूनी अधिकार मिले उसी दिन उन्हें सात जन्मों का स्वर्ग भी मिल गया है।

# जॉर्ज सोरोस को लेकर भिड़े केंद्रीय मंत्री और शशि थरूर, पुरानी मुलाकात को लेकर उठे सवाल



**नई दिल्ली ।** भारतीय राजनीति में इन दिनों अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस की चर्चा गर्म है। भाजपा, कांग्रेस नेतृत्व के जॉर्ज सोरोस के साथ कथित संबंधों को लेकर विपक्ष पर हमलावर है। अब सोरोस को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी और कांग्रेस सांसद शशि थरूर भी सोशल मीडिया पर भिड़ गए हैं। दरअसल हाल ही में सोशल मीडिया पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर का एक पुराना पोस्ट वायरल हुआ, जिसमें थरूर ने लिखा था कि पुराने मित्र जॉर्ज सोरोस से मुलाकात हुई। वह एक निवेशक ही नहीं हैं बल्कि इस दुनिया के एक चिंतक नागरिक हैं। इस पर सफाई देते हुए शशि थरूर ने जवाब दिया कि ये मुलाकात हरदीप पुरी के घर हुई थी। वे सिर्फ सामाजिक तौर पर मेरे दोस्त थे। मैंने उनसे एक रुपया नहीं लिया। इसके बाद मैं एक बार और उनसे मिला था। थरूर ने कहा कि विदेश राज्यमंत्री के तौर पर मैं न्यूयॉर्क के दौरे पर था। उस वक्त अमेरिका में भारत के राजदूत हरदीप पुरी ने कई प्रमुख अमेरिकियों को मेरे साथ डिनर पर चर्चा के लिए बुलाया था। थरूर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि लोग 15 साल पुराने ट्वीट के आधार पर बेतुका आरोप लगा रहे हैं। शशि थरूर के आरोपों के बाद केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि शशि थरूर ने पूरी तस्वीर नहीं दिखाई है। पुरी ने बताया कि साल 2009 के जिस डिनर की बात थरूर कर रहे हैं, उसमें आमंत्रित लोगों की सूची उन्होंने ही दी थी और जिन सज्जन की बात की जा रही है, वो राजीव गांधी फाउंडेशन के दानदाता थे और तत्कालीन विदेश राज्यमंत्री ही उनसे मिलने के लिए उत्सुक थे। हरदीप पुरी ने ये भी कहा कि वह उस समय पहली बार जॉर्ज सोरोस से मिले थे।

# उत्तराखंड में 4.8 तीव्रता भूकंप के झटके महसूस लिए गए



**उत्तराखंड, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।**

शनिवार सुबह-सुबह उत्तराखंड में भूकंप के झटके महसूस किए गए। प्रदेश के सीमांत जिलों में सुबह 4 बजे भूकंप का तगड़े झटके महसूस किए गए। पिथौरागढ़ और चंपावत में आज सुबह-सुबह भूकंप आने के कारण लोग डर के मारे अपने घरों से बाहर निकल आए। सुबह-सुबह भूकंप से डोली उत्तराखंड की धरती शनिवार तड़के उत्तराखंड के सीमांत जिलों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मिली जानकारी के मुताबिक सुबह 4 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। पिथौरागढ़ के साथ ही चंपावत में भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिस से लोगों में तड़के अफरा-तफरी मच गई।

# गढ़चिरौली में माओवादियों को बड़ा झटका, 6 लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**गढ़चिरौली, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र पुलिस ने शनिवार को बताया कि गढ़चिरौली जिले में 8 लाख रुपये के इनामी दो नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों पर हत्या, लूट, अपहरण समेत कई मामले दर्ज हैं। पुलिस की ओर जारी जानकारी में मुताबिक, गढ़चिरौली निवासी रामासु पोयम उर्फ नरसिंह (55) और पड़ोसी छत्तीसगढ़ के नारायणपुर निवासी रमेश कुंजाम उर्फ गोविंद (25) ने गढ़चिरौली पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि 6 लाख रुपये के इनाम वाले पोयम को




1992 में टिपागढ़ एलओएस के सदस्य के रूप में भर्ती किया गया था और वह 2010 से कुतुल और नेलनार एलओएस में क्षेत्र समिति सदस्य (एसीएम) के रूप में कार्यरत था। पुलिस ने बताया कि, पोयम के नाम 12 मामले दर्ज हैं, जिनमें छह मुठभेड़, पांच हत्याएं और डकैती का एक अपराध शामिल हैं। कुंजाम, जिस पर 2 लाख रुपये का इनाम था।

2019 में संगठन में सदस्य के रूप में शामिल हुआ था। उसे 2020 में चेतना नाट्य मंच (सीएनएम) के सदस्य के रूप में भर्ती किया गया और 2021 में वह कुतुल एलओएस का सदस्य बन गया। माओवादी गतिविधियों के खिलाफ गढ़चिरौली पुलिस की आक्रामक कार्रवाई के कारण दोनों ने आत्मसमर्पण किया है। उनके परिवार के सदस्यों ने भी उनके साथियों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें हथियार डालने के लिए राजी किया। केंद्र और महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित पुनर्वास के लिए इन लोगों को 4.5-4.5 लाख रुपये मिलेंगे।

## अरविंद केजरीवाल की बढ़ी मुश्किल, एलजी ने ईडी को आप संयोजक के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी

**दिल्ली 21 दिसम्बर।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आबकारी नीति मामले में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। 5 दिसंबर को प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मांगी थी। दिल्ली हाईकोर्ट 30 जनवरी 2025 को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में ईडी के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के आदेश के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील ने सूचित किया कि अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू प्रस्तुतियां देने वाले थे, लेकिन वह नहीं पहुंच सके।

# एमपी के देवास में घर में लगी भीषण आग, पति-पत्नी और दो बच्चों की मौत



**देवास, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मध्यप्रदेश के देवास स्थित एक मकान में भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हुआ है। आग इतनी भयंकर थी कि एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। घटना देवास शहर के नयापुरा क्षेत्र की है।शहर के नयापुरा में शनिवार तड़के एक मकान में आग लगने से परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी। घर की ऊपरी मंजिल पर लगी आग और धुएं के चलते परिवार के सदस्यों की मौत की आशंका है। तड़के अग्निकांड की सूचना मिलते है निगम की 3 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और एक घंटे से ज्यादा की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।जानकारी के अनुसार अग्निकांड में दिनेश, पत्नी गायत्री, बेटी इशिका और बेटे चिराग की मौत हुई है। आग लगने के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। शहर के नयापुरा में शनिवार तड़के एक मकान में आग लगने से परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी। घर की ऊपरी मंजिल पर लगी आग और धुएं के चलते परिवार के सदस्यों की मौत की आशंका है। पुलिस कप्तान पुनीत गेहलोद ने बताया कि जैसे ही उन्हें घटना की जानकारी मिली वो मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि मकान के भूतल पर डेयरी दुकान है। इसके ऊपर प्रथम तल में कुछ सामान भरा है, जबकि पूरा परिवार दूसरी मंजिल पर रहता था। वहीं, मौके पर एफएसएल की टीम भी जांच करने पहुंची है। प्रारंभिक जांच में आग भूतल से ही लगने की आशंका जताई जा रही है। नयापुरा चौराहे पर जिस जगह मकान में आग लगी, उसके पास ही रहने वाले ललित योगी ने बताया सुबह करीब 4 बजकर 30 मिनट पर तेज धमाके की आवाज आई थी। उन्होंने कहा कि शायद गैस सिलेंडर में विस्फोट हुआ था। एक बड़े फ्रिज का कंप्रेसर भी फटा है धमाका इतना तेज था कि दुकान के शटर के हिस्से काफी दूर तक पड़े हुए मिले हैं। डेयरी के अंदर से चार से पांच गैस सिलेंडर मिले हैं इनमें से एक फटा हुआ है।

## कुवैत के लिए रवाना हुए पीएम मोदी, शाम में भारतीय मूल के लोगों से करेंगे मुलाकात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री कुवैत के शेख मेशाल अल अहमद अल जबार अल सबाह के बुलावे पर कुवैत गए हैं। यह बीते 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला कुवैत दौरा है। कुवैत रवाना होने से पहले सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि भारत और कुवैत न केवल व्यापार और ऊर्जा साझेदार हैं, बल्कि पश्चिम एशिया में शांति, सुरक्षा और स्थिरता में भी उनकी साझा रुचि है। हम कुवैत के साथ ऐतिहासिक संबंधों को बहुत महत्व देते हैं, जो पीढ़ियों से चले आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के कुवैत दौरे पर कांग्रेस पार्टी ने तंज कसा है। कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री मणिपुर में जारी हिंसा को एक बार फिर नजरअंदाज कर विदेश दौरे पर चले गए हैं। कांग्रेस संचार महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पीएम मोदी एक बार फिर मणिपुर जाने की तारीख तय नहीं कर सके। मणिपुर के लोगों का इंतजार जारी है। वहीं लगाातर विदेश दौरे करने वाले पीएम मोदी कुवैत के लिए रवाना हो गए हैं।

# महाकाल मंदिर अन्नक्षेत्र में हादसा, आलू छीलने की मशीन में फंसा दुपट्टा, महिला कर्मचारी की मौत

**उज्जैन, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।**



श्री महाकालेश्वर मंदिर के अन्न क्षेत्र में शनिवार सुबह हादसा हो गया। वहां काम कर रही एक महिला का दुपट्टा आलू छीलने की मशीन में फंस गया। जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने पर कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, मंदिर प्रशासक गणेश धाकड़ सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। महाकाल पुलिस ने बताया कि श्री महाकालेश्वर मंदिर के अन्न क्षेत्र में शनिवार सुबह रजनी खत्री नामक महिला काम कर रही थी। मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए भोजन बनाने में आलू छीलने की मशीन का उपयोग होता है। काम के दौरान महिला का दुपट्टा आलू छीलने की मशीन में फंस गया। जिससे उसके गले में गंभीर चोट आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मंदिर के अन्न क्षेत्र में महिला की मौत की जानकारी मिलने पर कलेक्टर नीरज कुमार सिंह गणेश धाकड़ सहित अन्य अधिकारी पहुंच गए थे। महिला के स्वजन भी पहुंचे। अधिकारियों ने फिलहाल अन्न क्षेत्र में जिस जगह हादसा हुआ उस कमरे को सील कर दिया है। फिलहाल भोजन बनाने का काम रोक दिया गया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

# दिल्ली में बीजेपी नहीं करेगी सीएम चेहरे की घोषणा, अरविंद केजरीवाल की बीजेपी पर टिप्पणी बोले, बिना दूल्हे की बारात



**नईदिल्ली, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अटकलें जारी हैं। सूत्रों ने बताया कि बीजेपी चुनाव में मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा नहीं करेगी, बल्कि जल्द ही उम्मीदवारों के नाम बताएगी। बिना दूल्हे की बारात है, बीजेपी चेहरा क्यों नहीं दे रही है। जनता जानना चाहती है किसके नाम पर लड़ रहे हैं, पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी के इस फैसले पर टिप्पणी की है। अरविंद केजरीवाल के नाम पर चुनाव लड़ रहे हैं और पार्टी ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवारों का नाम घोषित कर दिया है, जबकि कांग्रेस ने अब तक 21 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का नाम घोषित किया है। बीजेपी लगातार उम्मीदवारों के नाम पर विचार कर रही है और जल्द ही पहली लिस्ट जारी करेगी। दिल्ली में आप ने बीजेपी पर वोटरों का नाम कटवाने का आरोप लगा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा, सदन में जेपी नड्डा (बीजेपी अध्यक्ष) के पूर्वांचलियों और रोहिंग्या को लेकर दिये गये बयान से साफ़ है कि बीजेपी साज़िश के तहत वोटर लिस्ट से लोगों का नाम कटवा रही है। पूर्वांचलियों को रोहिंग्या बताकर उनका वोट काटे जा रहे है। उनका कहना था, दिल्ली का अधिकांश पूर्वांचल समाज आप का वोटर है, इसलिए वोटर लिस्ट से नाम काटा जा रहा है। चुनाव आयोग ने आश्वासन दिया था, कई कदम चुनाव आयोग उठा रहा है। हम उससे संतुष्ट हैं। बीजेपी गायब है।

उसमें कोई सीएम चेहरा, टीम, योजना और दिल्ली के लिए कोई लक्ष्य नहीं है। उनका एकमात्र नारा, नीति और मिशन है, केजरीवाल हटाओ, और जब आप से पूछा जाता है कि पिछले 5 साल में क्या किया गया, तो वे कहते हैं, केजरीवाल को खूब गाली दी।

## छात्रा की मौत, हाईवा चालक रौंदकर फरार



***भिलाई।*** *भिलाई में तेज रफ्तार हाईवा ने एक स्कूली छात्रा को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। गुस्साए परिजनों और वहां के लोगों ने लड़की का शव सड़क पर रखकर 4 घंटे तक चक्काजाम कर दिया। मामला पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत मोंहदी गांव का है। पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया गया, जब वो नहीं माने तो तहसीलदार को भी वहां बुलाया गया। सभी अधिकारियों ने मिलकर गुस्साए परिजनों को समझने की काफी कोशिश की, लेकिन जब वो नहीं माने तो पुलिस को बल का प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान पुलिस ने लोगों को वहां से खदेड़ना शुरू किया। जब गांव वाले इधर उधर भागे तो मौका देखकर पुलिस के अधिकारियों ने खुद बच्ची के शव को वहां से उठाया। डायल 112 में रखकर सुपेला स्थित मॉर्चुरी भेजा। इसके बाद टीम बच्ची के परिजनों को थाने ले जाया गया।*





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



# अब शुकवारो बाई को किसी से पैसे मांगने की नहीं पड़ती जरूरत

### अपनी जरूरतों के लिए महतारी वंदन योजना की राशि आती है काम



कोरबा । विकासखण्ड कोरबा अंतर्गत ग्राम बगदरीडाँड़ की लगभग 55 वर्षीय शुकवारो बाई को कुछ माह पहले तक अपनी छोटी-छोटी जरूरतों की पूर्ति के लिए कुछ लोगों से उधार में पैसे मांगने की आवश्यकता पड़ती थी। कई बार बहुत जरूरी काम के लिए उन्हें किसी से पैसा मिल जाता कई बार नहीं मिलता. .कुछ रूपए के लिए उन्हें लंबा इंतजार भी करना पड़ता था। अब जबकि महतारी वंदन योजना से हर महीने खाते में एक हजार रूपए समय पर मिल जाते हैं तो वनांचल में रहने वाली शुकवारो बाई को किसी के आगे रूपए के लिए हाथ फैलाने जैसी नौबत नहीं आती है। घर के पास ही झाड़ू बनाने में व्यस्त ग्राम बगदरीडाँड़ की शुकवारो बाई ने बताया कि वह जंगल में निवास करती है। यहाँ वनोपज पर निर्भर रहना पड़ता है। उम्र के साथ ही उन्हें काम करने में परेशानी होती है, वह किसी तरह छोटे-मोटे घरेलू काम कर लेती है। उन्होंने बताया कि विगत माह महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का आहरण किया है। इस राशि का उपयोग घर में आवश्यक कार्यों के लिए किया है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू किए जाने के बाद जंगल क्षेत्र में निवास करने वाली हम जैसी महिलाओं के लिए यह वरदान साबित हो रही है।

हर महीने खाते में 01 हजार की राशि प्राप्त हो जाती है, इससे छोटी-मोटी जरूरतें हम पूरी कर लेते हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना लागू किए जाने से ग्रामीण क्षेत्र की गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को लाभ मिलने और जरूरत के समय किसी के आगे पैसे के लिए हाथ फैलाने जैसी नौबत नहीं आती।

शुकवारो बाई ने बताया कि पति दुरूप सिंह खेती-किसानी का काम करते है। चूंकि इस क्षेत्र में पानी की समस्या है इसलिए धान का उत्पादन बहुत ज्यादा नहीं होता है। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार के प्रति आभार भी प्रकट किया।

## पीपरपारा में लाखों के विकास कार्यो का देवांगन ने भूमि पूजन किया

कोरबा । कोरबा जिले में वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन ने वार्ड के विभिन्न विकास कार्यों कब भूमि पूजन किया। उन्होंने वार्ड के जोगिया डेरा भवानी मंदिर के समीप रोड चौड़ीकरण लागत 4 लाख, पीपरपारा कोहड़िया में प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य लागत 16.50 लाख कार्य का भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर वार्ड के लोगों को संबोधित करते हुए पार्षद श्री देवांगन ने कहा कि इन 5 वर्षों में वार्ड का समुचित विकास करने का भरपुर प्रयास किया गय। सड़क, पेयजल, स्कूल, नाली, स्ट्रीट लाइट, मुक्तिधाम सहित प्रमुख निर्माण कार्य कराए गए। कुछ कार्य प्रगति पर है, बहुत जल्द पूर्ण हो जाएंगे। पार्षद श्री देवांगन ने कहा कि किसी भी विकास कार्य के लिए आपको चिंता करना नहीं पड़ेगा, विष्णु देव की सरकार और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन लगातार प्रयास कर ज्यादा से ज्यादा कार्यों की स्वीकृति दिलाई जा रही है।

इस अवसर पर राम कुमार राठौर, कपूर चंद पटेल, अनिल यादव, युगल किशोर, साहिल यादव, दादू यादव, बंसीलाल देवांगन, फागुलाल साहू, योगेश्वर साहू, रवि, बलिराम यादव, सोनाराम यादव, आशीष द्विवेदी, कृष्णा द्विवेदी, श्याम चंद्र, संतोषी चंद्र, योगेश्वरी, बबली मरकाम, सुनीता राव, राजेंद्र श्रीवास, ईश्वरी महंत, पुनी राम साहू, ग्रहण चौहान, निर्मला साहू, प्यारेलाल साहू, उमेश राज, जवाहर, एच के डेनियल, बाबूलाल, गोपाल, छतराम, सीताराम, राजकुमार, तुलसी, पूर्णिमा, बिंदु त्रिवेणी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अग्रसेन कॉलेज रेडक्रास सोसाइटी ने रक्तदान शिविर लगाकर कई भ्रांतियों को मिटाया

कोरब। श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा में रक्तदान शिविर का आयोजन भारतीय रेड क्रॉस समिति शाखा कोरबा एवं यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी श्रीअग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव अग्रवाल संचालक राकेश एजेंसी, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेंद्र अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल सभा, कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील जैन अध्यक्ष श्रीअग्रसेन शिक्षण समिति महाविद्यालय एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा कोरबा के चैयरमेन रामसिंह अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद तिवारी एवं कोषाध्यक्ष राजेश बगड़िया, विनोद सिन्हा आदि सहित अन्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा रक्तदान को महान कार्य बताते हुए इसमें सभी युवा वर्ग को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के रेड रिबन शाखा के नोडल अधिकारी सुश्री अंजना चौधरी द्वारा रक्तदान के बारे में उसके लाभ एवं हानि की विस्तृत जानकारी देते हुए रक्तदान किया।महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस शिविर में रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया रक्तदान शिविर में नीलू तिर्की हेमंत जांगड़े सरस्वती पटेल दिव्या जायसवाल शुभम साहू आदि ने रक्तदान किया। शिविर में छात्र-छात्राओं ने हीमोग्लोबिन एवं ब्लड ग्रुप की जांच करवाई।अग्र भारतीय रेड क्रॉस समिति जिला शाखा कोरबा के चैयरमेन राम सिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने जीवन के अंतिम क्षण तक इस तरह के कार्यक्रम में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती किरण बाजपेई एवं कार्यक्रम का संचालन रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी श्रीमती गौरी वानखेड़े ने किया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार झा ने आभार व्यक्त करते हुए रेड क्रॉस में आगे भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## अजय ने कहा, केंद्रीय गृहमंत्री के बयान को तोड़-मरोड़ कर भ्रम फैला रही

कोरबा । कोसाबाड़ी भाजपा मंडल के पूर्वध्यक्ष अजय विश्वकर्मा ने एक बयान जारी कर कहा हैं की देश के गृहमंत्री अमित शाह के बाबा साहब अंबेडकरजी एवं संविधान पर दिए गए बयान पर फर्जी वीडियो बनाकर भाजपा की लोकप्रिय छवि को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर गिरा हुआ चरित्र व घटिया हरकत का आरोप लगा भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कोरबा युवा मोर्चा द्वारा मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला दहन किया गया। साथ ही कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने आगे बढ़ने पर पुलिस द्वारा रोका गया।

उक्त कार्यक्रम में भाजयुमो के सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिसमे मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, मंडल उपाध्यक्ष राजेश राठौर, मंजू सिंह, मनोरमा शर्मा, स्वाति कश्यप, पुष्पकला, राजेश सोनी, लजार सिंह, रितेश साहू, नारायण दास, राकेश वर्मा, गोप लाल, राकेश वर्मा, हरेराम साहू, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रंजू यादव, सुभाष राठौर, भाजयुमो महामंत्री दीनदयाल पटेल, राहुल शुक्ला, पिंकू रंजन, असलम खान, सुदेश चंद्रा सहित बड़ी संख्या में अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सीईओ नाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनने के संबंध में दी गई जानकारी

कोरबा । प्रशासन गांव की ओर के तहत आज जिला पंचायत कोरबा के प्रांगण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिनेश कुमार नाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं के साथ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत लखपति दीदी बनने के विषय पर, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा के माध्यम से अभिसरण कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के संबंध में चर्चा की गई एवं आवास योजना के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का संदेश विष्णु की पाती का वाचन किया गया। इस अवसर जिला पंचायत के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

## समाज कल्याण विभाग ने वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के सम्मान में कार्यक्रम किया



कोरबा । सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा कोरबा के घण्टाघर स्थित सियान सदन में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, दिव्यांगजन खिलाड़ियों/ प्रतिभाओं/ कलाकारों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में द्वितीय स्थान आने पर 16 दिव्यांग खिलाड़ियों को बधाई एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करने जिला प्रशासन द्वारा क्रिकेट किट एवं लोवर, टी-शर्ट इत्यादि का वितरण किया गया। वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करते हुए उन्हें ऑफिस/ब्रिफिंग बैग प्रदान किया गया। साथ ही सियान सदन में म्यूजिक सिस्टम भेंट किया गया। इस दौरान पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन, उप संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती सिनीवाली गोयल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## संभागायुक्त कांवरे ने पाली धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण कर किसानों से जानकारी ली

कोरबा। संभागयुक्त बिलासपुर श्री महादेव कांवरे ने आज कोरबा जिले के पाली धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में धान की नमी परीक्षण का अवलोकन कर सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। कमिश्नर ने केंद्र में अब तक हुए धान खरीदी, धान उठाव, बारदाने की उपलब्धता , किसानों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्था के सम्बंध में प्रबंधक से जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी नही होना चाहिए, साथ ही उनकी सहूलियत के लिए केंद्र में आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश समिति प्रबंधक को दिए। श्री कांवरे ने केंद्र में किसानों की सुविधा के लिए उपलब्ध माइक्रो एटीएम की के सम्बंध में व्यापक प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए। जिससे किसान समिति पर ही 10 हजार तक की राशि का आहरण आवश्यक्तानुसार कर सकें। इस अवसर पर एसडीएम पाली श्रीमती सीमा पात्रे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। पाली धान खरीदी केंद्र में आज दिनांक तक किसानों से 13753.20 क्विन्टल धान की खरीदी की गई है। 6672 क्विन्टल धान का उठाव कर लिया गया है। शेष भंडारित धान का शीघ्रता से उठाव सुनिश्चित किया जा रहाहै। केंद्र में 53 हजार बारदाना शेष बचे है जिससे धान खरीदी में किसी प्रकार की समस्या नही होगी। जिले में अब तक पंजीकृत किसानों से कुल 981184.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है एवं समितियों से 396788.40 क्विन्टल (कुल 40.44 प्रतिशत) धान का उठाव कर लिया गया है। वर्तमान में धान उपार्जन केंद्रों में 584396.40 क्विन्टल धान उठाव के लिए शेष है। जिला प्रशासन द्वारा समितियों से धान का उठाव भी तेजी से पूर्ण कराया जा रहा है।

## जनजातीय परंपरा की थीम पर मिनीमाता कॉलेज मनाया गया वार्षिक उत्सव

कोरबा। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव युवा अभिव्यक्ति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर श्री अजीत बसंत, (आई ए एस) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

छात्र संघ की संयोजक डॉ पापिया चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि इस वर्ष जनजातीय परंपरा के थीम पर आयोजित किया गया है। छात्राओं को संबोधित करते हुए जिलाधीश श्री अजीत बसंत जी ने कहा कि इस तरह का आयोजन छात्राओं के विकास में सहायक रहती है। आगे श्री अजीत बसंत जी ने छात्राओं के साथ रूबरू होकर प्रतियोगिताओं की तैयारी से लेकर होने वाली तकलीफों के बारे में विस्तार के वार्तालाप कर छात्राओं की जिज्ञासा को शांत किया। प्राचार्य, श्री राजेंद्र सिंह ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2022-2023 के अटल बिहारी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के प्रवीण्य सूची में महाविद्यालय के वाणिज्य, कला एवं विज्ञान संकाय के 12 छात्राओं को स्थान प्राप्त हुआ है। वार्षिक उत्सव में सभी छात्राओं को सम्मानित किया गया है साथ ही महाविद्यालय स्तर के सर्वोच्च अंक एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थान पाने वाले को छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित श्री विकास अग्रवाल जी भी समारोह में उपस्थित रहे एवं छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एलुमिनी की सदस्य, जनभागीदारी समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जनजातीय परंपरा के अनुसार मुख्य अतिथि का हाथ धुलाकर, टीका कर किया गया। जनजातीय नृत्य कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलित किया गया तथा अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं बैच लगाकर किया गया। वार्षिकोत्सव में छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई तथा स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टाल आनंद मेले में लगाया गया जिसका लुफ्त अतिथियों द्वारा उठाया गया।समारोह का संचालन डॉ विनोद कुमार साहू द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती अमिता सक्सेना द्वारा किया गया ।

## जरूरतमंदों को कंबल बांटे, स्वास्थ्य जांच की




कोरबा। भारतीय रेडक्रास सोसायटी कोरबा ने गौमुखी सेवाधाम देवपहरी के सहयोग से जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया। जिसमें डॉक्टरों ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की। देवपहरी के गौमुखी सेवाधाम स्थित आश्रम में जरूरतमंदों को कंबल वितरण का कार्यक्रम और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमके राउत, अशोक अग्रवाल, चेयरमैन रामसिंह अग्रवाल ने भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य शिविर का देव घाटी के 40 गांवों के लोगों ने लाभ उठाया। मुख्य अतिथि एमके राउत ने कहा कि गौमुखी सेवा धाम एक पवित्र जगह है, जहां से नई कार्यकारिणी के सेवाभावी कार्यों की शुरूआत हुई है। आगे भी इस तरह के कार्यों से जरूरतमंदों को लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य विभाग के सीएचएमओ व भारतीय रेडक्रास सोसायटी के सचिव एसएन केसरी ने कहा कि संगठन का नवीन कार्यकारणी प्रबंधन का गठन किया गया है। जो आगे भी समाज हित के कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन अशोक कुमार अग्रवाल ने की। उन्होंने इसी तरह सेवाभावी कार्यों को आगे बढ़ाने प्रेरित किया। शिविर में ग्रामीणों के बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन जांच व ब्लड ग्रुप परीक्षण की सुविधा रही।

## यादव समाज की बैठक में अच्छी शिक्षा पर दिया जोर



गेवरा-दीपका। ग्राम पंचायत लिटियाखार में कृष्णवंशी यादव समाज की बैठक हुई, जिसमें समाज के युवाओं की अच्छी शिक्षा पर जोर दिया। संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष छतलाल यादव ने कहा कि किसी भी समाज कार्ा वकास शिक्षा से ही संभव है। अगर समाज को आगे बढ़ाना है तो शिक्षा अत्यंत जरूरी है। सर्व यादव समाज के कटघोरा ब्लॉक अध्यक्ष पवन यादव ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर बिहारी लाल, जीवराखन यादव, मानसिंह, बेदराम यादव, दरसराम, अमृतलाल, छतराम, मोहनलाल, श्रवण कुमार, देवप्रसाद यादव, दयाराम यादव, सरोज कुमार उपस्थित थे।

## बिंझवार को भाजपा मंडल में अध्यक्ष की दी गई जिम्मेदारी

कोरबा। भारतीय जनता पार्टी के एक ऐसे कर्मठ कार्यकर्ता जिन्होंने बचपन से ही भारतीय जनता पार्टी की सेवा करते हुए भारतीय जनता पार्टी में अपनी अमित छाप छोड़ी जिन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के रूप में 2014 से 2019 तक बरपाली मंडल के अध्यक्ष के रूप में अपना कार्यभार संभाला, इसके पश्चात 2019 से 2024 तक युवा मोर्चा के जिला मंत्री के रूप में उन्होंने अपना कार्य किया, 2022 से 2024 तक प्रदेश कार्य समिति सदस्य के रूप में उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा में अपनी सेवा दी तथा विधानसभा चुनाव हो, या लोकसभा चुनाव में बाढ़ सरकार युवाओं को साथ लेते हुए उन्होंने बाइक रैली के माध्यम से एक जुट होकर बाइक रैली निकाली, सभी कार्यों को देखते हुए आज भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र बिंझवार को कोरबा जिला के नए मंडल फरस वानी मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया नरेंद्र बिंझवार के मंडल अध्यक्ष बनने से ग्रामीण जनों में काफी हर्ष का माहौल है

## महिला का शव मिलने के मामले में पुलिस कर रही जांच पड़ताल

कोरबा। मोरगा क्षेत्र के पतुरियाडांड जंगल में शुक्रवार को एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिली। मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही है। मोरगा चौकी अंतर्गत पतुरियाडांड जंगल में अरसिया जाने वाले पहाड़ी पगडंडी रास्ते के करीब एक महिला की लाश मिली। शुक्रवार की सुबह जंगल में उक्त रास्ते से जा रहे ग्रामीणों ने लाश देखकर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंची। डॉ. सत्यजीत कोसरिया, प्रधान आरक्षक हेमंत चौहान व आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा के साथ सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट की टीम भी जांच में पहुंची। टीम के निरीक्षण के दौरान घटनास्थल के पास खून के धब्बे और एक लकड़ी का डंडा मिला। जिसे जब्त कर लिया गया। घटनास्थल पर मिले सबूत के आधार पर मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही है।बुजुर्ग का शव अकड़ा हुआ था शहर के मानिकपुर चौकी अंतर्गत मानिकपुर पोखरी के पास शनिवार की सुबह लोगों ने एक वृद्ध को मृत हालत में पाया। लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची जहां वृद्ध के शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने आसपास क्षेत्र में सूचना दी पर मृतक की शिनाख्त नहीं हुई। मृतक वृद्ध का शव अकड़ा हुआ था।

## वन्यप्राणी चिकित्सक ने हाथी को किया अचेत



कोरबा। करतला रेंज में घूम रहे घायल हाथी का गुरुवार को ट्रेंकुलाइज कर उपचार किया गया। उसके पेट में चोट होने से वह चल नहीं पा रहा था। बुधवार को घायल हाथी करतला में घुस गया था।

जिसे देखने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था। वन विभाग ने घायल हाथी के उपचार के लिए डॉक्टरों की टीम बुलाई थी। जंगल सफारी रायपुर से डॉ राकेश वर्मा , तमोर पिंगला अभयारण्य से अजीत पांडे और कानन पेंडारी से डॉ. पीके चंदन ने बड़मार के जंगल में पहले ट्रेंकुलाइज किया। इससे हाथी मौके पर ही खड़ा रहा। उसके पेट में चोट आने से घाव हो गया था। इसकी सफाई की गई। डीएफओ अरविंद पीएम, एसडीओ एसके सोनी , आशीष खेलवार , रेंजर राजेश चौहान के साथ पूरी टीम दिनभर घायल हाथी के उपचार में जुटे रहे । एसडीओ सोनी ने बताया कि चार दिनों तक हाथी की निगरानी की जाएगी। अभी रेंज में 15 हाथी घूम रहे हैं। इनकी भी निगरानी की जा रही है।

## दस्तावेजों का सत्यापन 26 एवं 27 को

बिलासपुर, ।जिला प्रशासन की राजस्व स्थापना के तहत चतुर्थ श्रेणी के 50 पदों पर सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन का कार्य 26 एवं 27 दिसंबर को आयोजित किया गया है। जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 43 में सवेरे 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक उक्त तिथि को सत्यापन किया जाएगा। इनमें भृत्य एवं अर्दली के पदो के लिए सत्यापन 26 दिसंबर 2024 को और चौकीदार, फर्राश एवं प्रोसेस सर्वर पदों के लिए सत्यापन 27 दिसंबर 2024 को होगा। अभ्यर्थियों का चयन वर्गवार मेरिट के आधार पर किया गया है। इनमें भृत्य के 25 पद, अर्दली के 1 पद, चौकीदार के 8 पद, फर्राश के 7 पद एवं प्रोसेस सर्वर के 9 पदों में भर्ती के लिए सत्यापन किया जाएगा। अतिरिक्त कलेक्टर श्री आर.ए. कुरूवंशी ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन के लिए चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जा रहा है। अभ्यथियों को अपने समस्त शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाणपत्रों की मूल प्रति, स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ आधार कार्ड भी साथ लाना होगा। दस्तावेज सत्यापन में उपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों के मेरिट क्रम के अनुसार विज्ञापन में जारी आरक्षण नियमों के अनुसार भर्ती हेतु चयन सूची क प्रकाशन किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित अभ्यर्थियों का नाम मेरिट सूची से विलोपित किया जायेगा। अतिरिक्त कलेक्टर श्री आर.ए. कुरूवंशी ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन के लिए चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जा रहा है। अभ्यथियों को अपने समस्त शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाणपत्रों की मूल प्रति, स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ आधार कार्ड भी साथ लाना होगा।

## बार बार रिसाव के कारण हो रही आपूर्ति में समस्या

कोरबा । निगम के कोहड़िया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास मेन पाइपलाइन में लीकेज होने से जल आपूर्ति प्रभावित रही। इस वजह से पश्चिम क्षेत्र के दर्री, जमनीपाली, कुसमुंडा, बांकीमोगरा नगर पालिका के करीब 27 हजार घरों में सुबह और शाम को पानी नहीं पहुंचा। लोगों को टैंकर के माध्यम से जल आपूर्ति की गई। इसके बाद भी कई वार्डों में लोगों को पाने के लिए परेशान होना पड़ा। निगम अमला दिन भर मरम्मत कार्य में जुटा रहा। पाइपलाइन में लीकेज की समस्या इसके पहले भी आ चुकी है। निगम के कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह का कहना है कि मरम्मत काम पूर्ण कर लिया गया है। शनिवार से जल आपूर्ति सामान्य हो जाएगी। आगे परेशानी ना हो, इसके लिए ही शुक्रवार को दिनभर मरम्मत कार्य कराया गया। लोगों को डिमांड के अनुसार पानी की आपूर्ति की जा रही है।



# गौ सेवा करना तपस्या से बढ़कर है इसकी सेवा करनी चाहिए:रवि पांडेय

### सरकार गठन होने के एक वर्ष के उपलक्ष्य में कामधेनु गौशाला पचेड़ा मे गौ पूजन

**जांजगीर चांपा।** मुख्य अतिथि भाजपा नेता इंजीनियर रवि पाण्डेय थे। इस इवसर पर इंजी. पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में कहा कि गौशाला दुनिया का सबसे पवित्र स्थल है, छत्तीसगढ़ सरकार के गठन के प्रथम वर्षगाठ पर इस पवित्र स्थल पर गौ पूजन उत्सव का कार्यक्रम रखना सरकार की धार्मिक और सांस्कृतिक सोच को दर्शाता है।

उन्होने आगे कहा आज गौ सेवा करने वालों का सम्मान भी किया जा रहा है, गौ सेवा करना तपस्या से बढ़कर है। कार्यक्रम को बिसून कश्यप, प्रभाकर तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार सीताराम नायक चन्द्रशेखर कश्यप, गौरीशंकर कश्यप ने भी सम्बोधित किया। पत्रकार सीताराम नायक ने कहा कि आप ने जिन लक्ष्यों को लेकर गौशाला खोलने का निर्णय लिए हैं उसे कभी भी भूलना नहीं है बल्कि गौ सेवा के लिए पूरे परिवार के साथ,गांव के लोगों का भी सहभागिता इसमें होती है तो यह और भी अच्छी बात है क्योंकि गौ



सेवा को ईश्वर सेवा मानी जाती है इसलिए इसमें तन मन धन के साथ सेवा करने की जरूरत है।

इस मौके पर स्वागत भाषण कामधेनु गौशाला के संचालक गुलाब कौशिक, आभार वरिष्ठ पत्रकार सीताराम नायक एवं संचालन प्रीतम कश्यप ने किया। कार्यक्रम मे गौ पूजन के साथ दान दाताओं का सम्मान, गौशाला चिकित्सा शिविर वृक्षारोपण का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. तृप्ती सोनी, डॉ. ईश्वरी यादव, भाई लला राकेश सिंह, सखीराम कौशिक, मनोज सारथी, पशु चिकित्सक हार्दिक जांगड़े, देवीराम कौशिक, मृत्युंजय कश्यप, राकेश कहरा, जगन्नाथ कश्यप, अशोक कश्यप, तुलसी कश्यप, रामनारायण बघर्रा एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# 23 दिसंबर को युवक कांग्रेस करेगी मुख्यमंत्री निवास का घेराव

### भाजपा सरकार का एक वर्ष विफलताओं से भारी रही है - प्रिंस शर्मा

**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश में विष्णुदेव साय नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी के कुश कुशासन की सरकार को एक वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। यह एक वर्ष छत्तीसगढ़ वासियों के लिए काफी चिंताजनक है। उक्त बातें जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेस में पत्रकारों के सामने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ते आपराधिक मामले, नशे के व्यापार में बढ़ोतरी, किसानों से की गई वादाखिलाफी धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था, बारदाना की कमी, नौकरी के नाम पर युवाओं साथ छलावा, 33 हजार शिक्षकों की भर्ती के झूठे वादों, बढ़ती महंगी बिजली दरें सहित अन्य प्रमुख मुद्दों को लेकर पोस्टर लांच करते हुए प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानू चिब के नेतृत्व में 23 दिसंबर को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। प्रिंस शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए आगे कहा कि राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में जिले भर से 200 से अधिक युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता गांधी मैदान के पास आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रेसवार्ता में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक सिंह सिसोदिया, प्रदेश युवा कांग्रेस महामंत्री गौरव सिंह, विधान सभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला, पूर्व एल्डरमेन हीरा उपाध्याय, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष मितेश भोलू यादव, इंजी.आकाश सिंह गुड्डू पठान मौजूद रहे। युवाओं के भविष्य का नहीं कोई ठिकाना मोदी की गारंटी के तहत एक साल के भीतर 1 लाख बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने का वादा किया गया था किन्तु विगत 1 वर्ष में न तो 33 हजार शिक्षाकर्मियों की भर्ती की गई बल्कि उच्च शिक्षा विभाग में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के लिए लगभग 1300 पदों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरने की कार्रवाई की जा रही है। हर विभाग में लगातार छठनीं की जा रही है। इसके विरोध में पूरे प्रदेश में युवाओं द्वारा आंदोलन कर रही है।

प्रिंस शर्मा ने आगे कहा कि। रोजगार गारंटी के तहत किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए की दर से एकमुश्त पंचायत के माध्यम से खरीदने का वादा किया गया था। किन्तु धान के एकमुश्त भुगतान का वादा सरकार भूल चूकी है। किसानों को केवल 2300 रुपए समर्थन मूल्य का भुगतान हो रहा है। शेष रकम न जाने कब देगी। उपार्जन केंद्रों में किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है। मंडियों में धान का उठाव अब तक केवल 22 प्रतिशत हुआ है, बारदाने की कमी बनी हुई है।

## ठगी की शिकार महिलाओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




**जांजगीर।** फ्लोरा मैक्स कंपनी में ठगी के शिकर व उसके परिजन आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। इसलिए मजदूर संघ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं शहर में रैली निकाली। साथ ही कलेक्टर को कंपनी व माइक्रो फाइनेंस से रकम दिलाने की मांग की है। ताकी ठगी के शिकार गरीब तबके के लोगों की स्थिति में सुधार हो सके। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि फ्लोरा मैक्स कंपनी व माइक्रो फायनेंस बैंकों द्वारा आपस में मिलकर आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, जनजाति व कम पढ़ी लिखी महिलाओं को अपने झांसा में लिया। साथ ही समूह बनाकर रोजगार अवसर दिलाने का लालच देकर बैंकों में लोन दिलवाकर आत्मनिर्भर बनाने का प्रलोभन देकर करोड़ों रुपए का ठगी महिलाओं के साथ किया गया। इसके कारण महिलाएं व उसके परिवार आत्मघाती कदम उठाने मजबूर हो रहे हैं। कई प्रभावित महिलाएं व पुरूष आत्महत्या कर भी लिए हैं। जिले में संचालित कई माइक्रो फायनेंस कंपनी अवैधानिक ढंग से बैंकों का संचालन कर रहे हैं। महिलाओं को झांसे में लाकर एक ही महिला को 5 से 10 बार लोन दिया गया और उस राशि को फ्लोरा मैक्स कंपनी को नगद दिलवा दिया गया। इस तरह फ्लोरा मैक्स कंपनी व माइक्रो फायनेस बैंकों ने मिलकर जिले में भोली-भाली महिलाओं के साथ करोड़ों रुपए की ठगी कर लिया गया है। जिले में संचालित माइक्रो फायनेस बैंकों का रजिस्ट्रेशन निरस्त करते हुए फ्लोरा मैक्स कंपनी से राशि वसूलकर महिलाएं व हितग्राही महिलाओं को वापस दिलाने की मांग की गई। ताकी कोई महिला या एजेंट का परिवार का आत्महत्या करने के लिए विवश न हों।

## जिले में चरमराई व्यवस्था, संग्रहण केन्द्र खोलने के बावजूद स्थिति बदतर

### नहीं हो रहा उठाव, खरीदी केन्द्रों में 21 लाख क्विंटल से अधिक धान जाम

**जांजगीर-चांपा।** कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में धान खरीदी व्यवस्था पूरी तरह से चरमराने लगी है। हाल यह है कि केन्द्रों में 21 लाख क्विंटल से अधिक धान जाम पड़ा हुआ है। खास बात यह है कि इस बार %संग्रहण केन्द्र भी खोले गए है। बावजूद इसके समय पर उठाव नहीं हो पा रहा है। इधर केन्द्रों में बफर लिमिट पार होने की स्थिति है और प्रभारियों द्वारा बार बार मिन्नत करने के बावजूद खरीदे गए धान. का उठाव नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते खरीदी तो प्रभावित हो ही रही है, यही हाल रहा तो कई जगहों पर खरीदी बंद करने की नौबत आ सकती है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा इस बार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत 14 नवंबर से की गई है। जांजगीर चांपा जिले में 129 केन्द्रों में धान खरीदी की जा रही है। जहां 22 लाख 45 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। सबसे बड़ी समस्या खरीदे गए धान का उठाव नहीं हो पाने की है। बताया जाता है कि जिले के विभिन्न केन्द्रों में वर्तमान में 21 लाख क्विंटल से अधिक धान का उठाव करना है। जबकि अभी खरीदे गए 22 लाख 45 हजार क्विंटल धान में से ले देकर 1 लाख 92 हजार 8 सौ क्विंटल का ही उठाव हो सका है। ऐसी स्थिति में जिले के लगभग सभी केन्द्रों में निर्धारित बफर लिमिट भी क्रास होने को है। केन्द्रों में हजारों क्विंटल धान पड़ा हुआ है। उठाव नहीं होने के कारण खरीदी केन्द्र में में तौल कर खुले आसमान तले रखे है लाखों क्विंटल धान, आार संकट के बादल, बेमौसम बारिश का खतरा

जिले के 129 धान खरीदी केन्द्रों में धान का अंबार लगा हुआ है। यहां खरीदे गए 22 लाख 45 हजार क्विंटल धान में से ले देकर करके 1 लाख 92 हजार क्विंटल धान का ही उठाव हो सका है। वर्तमान में 21 लाख क्विंटल से अधिक धान का उठाव करना शेष है। ऐसे में केन्द्रों में जाम की स्थिति तो बनी हुई ही है, खरीदे गए धान पर बेमौसम बरसात का खतरा भी मंडराने लगा है। शुक्रवार 20 दिसंबर को आसमान पर जिस तरह से काले बादल छाने लगे है। इसको देखते हुए केन्द्र प्रभारियों की चिंता बढ़ गई है। एक ओर केन्द्रों में हजारों क्विंटल धान रखा हुआ है तो दूसरी ओर उठाव की समस्या के साथ प्रतिदिन आवक भी बढ़ते क्रम में है। इसके अलावा खरीदे गाए धान को सुरक्षित रखने के लिए कैप कव्हर की समुचित व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यदि बारिश होती है तो हजारों क्विंटल धान तो खराब होगा ही। केन्द्र प्रभारियों को भी आर्थिक नुकसानी उठानी पड़ सकती है।

की जगह भी कम पड़ने लगी है। बताया जाता हैकि समय पर यदि धान का उठाव नहीं किया गया तो जिले के दर्जनों केन्द्रों में धान खरीदी बंद करनी पड़ सकती है। ऐसी स्थिति को लेकर केन्द्र प्रभारी परेशान है। उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को धान उठाव के लिए लगातार कहा जा रहा है। बावजूद इसके केन्द्रों से धान का उठाव समुचित तरीके से नहीं हो पा रहा है।

## डेढ़ साल से मानदेय नहीं, पार्षदों ने किया बैठक का बहिष्कार

**राहौद।** नगर पंचायत राहौद में पार्षदों को डेढ़ साल से मानदेय नहीं मिला है। इस बात से नाराज पार्षदों ने परिषद की बैठक का बहिष्कार कर सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर इस दिशा में पहल करने की मांग रखी है।

ज्ञात हो कि शुक्रवार 20 दिसंबर को नगर पंचायत राहौद में पार्षदों की बैठक रखी गई थी। बैठक के दौरान चर्चा हुई कि निर्वाचित पार्षदों को 18 माह से मानदेय नहीं मिला है। जिसके चलते उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। बैठक में ज्यादातर पार्षद अध्यक्ष से नाराज बताए जा रहे है। इस संबंध में पार्षदों ने बकाया मानदेय तत्काल दिलाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। साथ ही बताया गया कि जब तक मानदेय नहीं मिल जाता है, तब तक किसी प्रकार की बैठक नहीं करने का निर्णय लिया गया। शुक्रवार 20



दिसंबर को परिषद का विशेष बैठक आयोजित की गई थी। निर्वाचित पार्षदों के बिना जानकारी अध्यक्ष व मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा विभिन्न विषयों को उल्लेख कर बैठक आहूत किया गया था। वहीं निर्वाचित पार्षदों को विगत 18 माह से मानदेय नहीं दिया गया हैं। जिसके चलते उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्यादातर पार्षद अध्यक्ष के क्रियाकलापों से नाराज व आंदोलित होकर लिखित ज्ञापन सौप कर मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वाले भाजपा, कांग्रेस, जोगी व बसपा तथा निर्दलीय पार्षद उपस्थित रहे।

इस संबंध में नगर पंचायत राहौद के अध्यक्ष श्रीमती आरती योगी का कहना है कि मानदेय नहीं मिलने पर भाजपा पार्षदों ने परिषद की बैठक का बहिष्कार किया। नगर के विभिन्न वार्डो में विकास कार्यो की योजना तय की गई थी। आचार संहिता लगने के पहले दर की स्वीकृति परिषद् में करने का था, परंतु समय के अभाव में बैठक नहीं किया जा रहा है। पार्षदों का मानदेय नहीं मिलने से बैठक में नाराजगी जाहिर की गई है।

## नवागढ़ जनपद पंचायत में कार्यक्रम आयोजित

**नवागढ़।** जनपद पंचायत नवागढ़ में 20 दिसंबर को सामान्य सभा की बैठक सभा कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें जनपद पंचायत नवागढ़ की अध्यक्ष प्रीति देवी सिंह, उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह सहित सभी सदस्य उपस्थित हुए। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल कुमार% द्वारा सभी सदस्यों को भगवान श्री रामचंद्र जी के मूर्ति के साथ एक शाल व गुलाब के फूल के साथ इस कार्यकाल की अंतिम बैठक के लिए सम्मानित किया गया। अध्यक्ष प्रीति सिंह ने सभी सदस्यों का सदन को पूर्ण समर्थन के साथ चलाने के लिए ध्यानवाद किए। उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह द्वारा भी सदन को संबोधित कर सभी सदस्यों का धन्यवाद किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल द्वारा सभी सदस्यों अधिकारियों व कर्मचारियों का धन्यवाद किया गया एवं भविष्य में ऐसे ही निर्विवादित क्षवि के साथ काम करने की अपेक्षा की। ज्ञात हो कि जनपद पंचायत नवागढ़ अविभाजित जांजगीर जिले के सबसे बड़ा जनपद है। जिला मुख्यालय जांजगीर भी नवागढ़ जनपद के क्षेत्र में आता है। 2 वर्ष कोरोना काल के बाद से नवागढ़ जनपद में विकास की गाथा पटरी पर सरपट दौड़ती नजर आई।

# मानदेय बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर मितानिनों ने खोला मोर्चा

**जांजगीर-चांपा।** मानदेय बढ़ाने सहित अन्य विभिन्न मांगों को लेकर मितानिनों ने मोर्चा खोल दिया है। मितानिन जिला मुख्यालय में अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिए गए हैं। इधर मितानिनों के हड़ताल पर चले जाने से गर्भवती महिलाओं सहित ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था पर असर पड़ा है।

ज्ञात हो कि अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जांजगीर जिले के स्वास्थ्य विभाग से जुड़े हजारों मितानिन अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए हैं। जिसका असर ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था पर पड़ रहा है। साथ ही साथ

गर्भवती महिलाएं किशोरी एवं अन्य जरूरतमंद लोगों को समय पर दवा भी उपलब्ध नहीं पा रहे हैं। जांजगीर जिले में हजारों मितानिन स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता निभा रही है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाना, दवा उपलब्ध कराना, सर्दी, खांसी जुकाम से प्रभावित लोगों के घरों तक पहुंचाना उनका हाल-चाल जानना सहित आवश्यकता के अनुसार उन्हें अस्पताल तक इलाज के लिए पहुंचना भी मितानिन करती है। इसके लिए शासन के द्वारा उन्हें मानदेय भी दिया जाना रहता है। इधर समय पर राशि नहीं मिल पाने के चलते मितानिन की परेशानी बढ़ गई है।

इस समस्या को लेकर बुधवार 18 दिसंबर एवं गुरुवार 19 दिसंबर को मितानिन अनिश्चितकालीन आंदोलन की है। उनका आंदोलन जिला मुख्यालय जांजगीर चर्च मैदान के पास स्थित मैदान में चल रहा था। इधर मितानिन के अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले जाने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। जांजगीर जिले में 338 ग्राम पंचायत आते हैं। इनमें लोगों के घरों तक पहुंचाना स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेना मह गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव कराने के उद्देश्य से अस्पताल तक पहुंचाना किशोरियों को उनके स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्रदान कि करना सर्दी जुकाम से प्रभावित बच्चों स को दवा के बारे में जानकारी प्रदान करना सहित अन्य स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी मितानिनों के पास रहती है। साथ ही मानदेय भी नहीं बढ़ पा रहा है। मितानिन अंबालिका वैष्णव, सुरसरी ममता, सुषमा पटेल, राधिका कश्यप, जमुना यादव, दीप्ति साहू सहित अन्य मितानिन का कहना है कि शासन के द्वारा उन्हें समय पर पारिश्रमिक राशि प्रदान नहीं की जा रही है।

## जिला अस्पताल में पुन: प्रारंभ हुई मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा

**जांजगीर-चांपा ।** जिले के सबसे बड़े अस्पताल में पुनः मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा नि:शुल्क प्रारंभ हो गई है। शुक्रवार को यहां नेत्र रोग विशेषज्ञ के द्वारा 4 मरीजो का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। यहां प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को मोतियाबिंद का ऑपरेशन होगा। जिला चिकित्सालय जांजगीर में पुनः नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक जायसवाल ने बताया कि जिला चिकित्सालय जांजगीर में मोतियाबिन्द से पीडित मरीजो के उपचार एवं अन्य नेत्र से पीड़ितों को राहत देने के लिए शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी जिला सक्ती डॉ. कृपाल सिंह के सहयोग से जिला सक्ती से डॉ. शिवांगी रंजनी, नेत्र रोग विशेषज्ञ के द्वारा 04 मरीजो का सफलतापूर्वक ऑपरेशन करते हुए सुविधा प्रारंभ कर दी गयी है। जिले के विभिन्न विकासखण्डों से चिन्हांकित किये गये मरीजों को ऑपरेशन हेतु भेजने के लिए विकासखण्डवार समय निर्धारित किया गया है।

जिला चिकित्सालय जांजगीर में मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु नेत्र सहायक अधिकारी पी.पी. राठौर-9691180141 एवं थनेश साहू-9098855814 पर संपर्क कर सकते है। मोतियाबिन्द के ऑपरेशन के सफल संचालन हेतु डॉक्टर के साथ स्टॉफ की ड्युटी भी लगाई गयी है ताकि संबंधित मरीज को किसी भी प्रकार का समस्या का सामना करना ना पड़े। सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल एवं अधत्व नियंत्रण कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. संदीप साहू के द्वारा जानकारी दिया गया कि जिला सक्ती से नेत्र रोग विशेषज्ञ के उपलब्ध होने से जिले के लोगो को प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को मेडिकल बोर्ड के साथ-साथ मौतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

## नॉमिनी को 2 लाख रुपए का दिया गया बीमा क्लेम

**पामगढ़।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन बिहान के तहत ग्राम पंचायत लगरा के भलवाही में बने ग्राम विकास स्व सहायता समूह की सदस्य बसंती कुर्रे का निधन हो जाने से जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमित सदस्य के पति ( नामिनी ) होरिल कुर्रे को बीमा क्लेम की राशि दो लाख का चेक बैंक शाखा प्रबंधक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक पामगढ़ मिकी कुमारी यादव के द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम पामगढ़ सुनील कुमार बरमैया, एसी इतवार सिंह कंवर, पीआरपी नेहा नागेश, एफएलसीआरपी रानी सविता खाण्डेकर एवं बैंक मित्र प्रमिला खुंटे उपस्थित रहे।

# कन्या महाविद्यालय का 7 दिवसीय विशेष शिविर कुलीपोटा में आयोजित

**जांजगीर चांपा।** जिले के ग्राम कुलीपोटा में 13 से 19 दिसंबर तक कन्या महाविद्यालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। यह शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुलीपोटा में आयोजित किया गया। शिविर की शुरुआत और गतिविधियां 13 दिसंबररू शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीआर पाटले और ग्राम सरपंच विमला कुर्रे ओम प्रकाश कुर्रे की पत्नी द्वारा किया गया।

ग्रामवासियों के साथ डिजिटल साक्षरता पर परिचर्चा आयोजित की गई। 15 को एड्स एवं रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 16 50 स्वयंसेविकाओं के सहयोग से ग्राम कुलीपोटा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। 17 को मद्यपान निषेध पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के जिला संगठक प्रो. बीके पटेल ने शिविरार्थियों को एनएसएस के उद्देश्यों और लक्ष्यों पर चर्चा करते हुए प्रेरित किया। 18 को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर प्राचार्य डॉ. जीआर पाटले ने गुरु घासीदास के जीवन और उपदेशों पर चर्चा की। समापन कार्यक्रम 19 को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम सरपंच विमला ओम प्रकाश कुर्रे, प्राचार्य डॉ. जीआर पाटले, सहायक प्राध्यापकगण, विद्यालय के प्रधानाचार्य और व्याख्याता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक, जांजगीर. चांपा, प्रो. बीके पटेल ने भी समापन समारोह में भाग लिया और शिविरार्थियों को प्रेरित किया। सभी ने शिविरार्थियों के सफल आयोजन की सराहना करते हुए उनकी मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की। शिविर में डॉ. हरप्रीत कौर अरोरा ने कहा कि ग्रामीणों को जागरूक किया, बल्कि स्वयं सेविकाओं को सामाजिक सेवा का महत्वपूर्ण अनुभव भी प्रदान किया।

### नकटीडीह में आजीविका ऋण मेला का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा ।** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत जनपंद पंचायत स्तरीय आजीविका ऋण मेला का आयोजन बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत नकटीडीह में किया गया। जिला स्तरीय आजीविका ऋण मेला में लगभग 13 करोड़ 7 लाख रूपए से अधिक की ऋण राशि स्वीकृत की गई। इस दौरान अतिथियों द्वारा ऋण मेला में आजीविका ऋण मेला में हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति आदेश की प्रति का वितरण किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ में सुशासन के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का शुभकामना संदेश, विष्णु की पाती प्रदान किया गया।

## नवागढ़ में अलग बनाए सब डिवीजन, धरने पर बैठे अधिवक्ता

**जांजगीर चांपा ।** एसडीएम कार्यालय की मांग को लेकर नवागढ़ के अधिवक्ताओं ने फिर मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को वे कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। मुख्य गेट में रोके जाने से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने सामने में बैठकर प्रदर्शन करने लगे। जमकर नारेबाजी भी की। वे आश्वासन नहीं ठोस निर्णय की मांग पर अड़े रहे। मौके पर सहायक कलेक्टर पहुंचे। उसके आश्वासन के बाद वे शांत हो गए। फिर सहायक कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वापस लौट गए।

अपनी पुरानी मांग एसडीएम कार्यालय को लेकर नवागढ़ के अधिवक्ताओं ने फिर मोर्चा खोल दिया। पहले से कलेक्टोरेट घेराव का आवेदन दिया था। इसलिए कलेक्टर ऑफिस के मुख्य गेट के पास पहले से बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। साथ ही बेरिकेडिंग की गई। बीटीआई चौक में नवागढ़ के सभी अधिवक्ता एकजुट हुए। इसके बाद बाइक रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे। जहां फिर से



पैदल रैली के माध्यम से कलेक्टोरेट घेराव करने निकले। इसी दौरान मुख्य गेट के सामने पुलिस ने रोक ली। रोकने पर सामने में ही जमीन पर सभी अधिवक्ता बैठ गए। जहां प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। साथ ही कलेक्टर को यही बुलाने की मांग करने लगे। लेकिन कलेक्टर नहीं आने की बात कही। जिस पर उन्होंने कहा लंबे समय से प्रशासन हम लोगों को ठग रही है। अकलतरा की तरह नवागढ़ में अनुविभाग खोला जाए। इस बार कलेक्टर से ठोस निर्णय लेने के लिए पहुंचे। इसके बाद सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी पहुंचे। सहायक कलेक्टर समझाइश देने की कोशिश की तब अधिवक्ता शांत हुए।

अधिवक्ता संघ ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने 11 बिर 2023 को चुनावी सभी को सबाधित करते हुए भाजपा की सरकार बनने पर तहसील मुख्यालय नवागढ़ को अलग से राजस्व अनुभाग बनाए जाने की घोषणा की गई थी। इसके बावजूद आज तक अमल नहीं किया इस कारण वे आक्रोषित हैं।नवागढ़ के अधिवक्ताओं को अंदर जाने नहीं देने पर मुख्य गेट के सामने बैठे, प्रशासन के खिलाफ जमकर की गई नारेबाजी

e-Paper
www.tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा, शनिवार ,21 दिसम्बर 2024



## अनमोल वचन......

किसी भी इंसान से अपने दिल के राज ना बताये आज नहीं तो कल वो उसका फ़ायदा ज़रूर उठाएगा ।

## भारत को नुकसान जवाबदेही भाजपा की ही होगी

*देश के अंदर सियासी तू तू-मैं मैं दीगर पहलू है, मगर जिस अमेरिका के साथ भारत का निकट संबंध बनाना मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है, उसी पर अब इतना गंभीर इल्जाम सत्ताधारी भाजपा ने लगा दिया है। भाजपा सत्ताधारी पार्टी है। उसे यह ख्याल अवश्य रखना चाहिए कि वह जो बोलती है, उससे भारत सरकार की राय से जोड़ कर देखा जाएगा। देश के अंदर सियासी चर्चा का स्तर इतना गिर चुका है कि अब कौन, क्या बोलता है, उस पर ज्यादा माथापच्ची करने की जरूरत महसूस नहीं होती। लेकिन जो बातें भारत के अंतरराष्ट्रीय संबंधों को प्रभावित कर सकती हैं, उन मामलों में अपेक्षा अवश्य रहती है कि सत्ताधारी दल के नेता जिम्मेदारी से बोलेंगे। वे ख्याल रखेंगे कि उनकी बातों का दूरगामी प्रभाव हो सकता है। इसीलिए भाजपा ने जिस तरह अब अमेरिका के विदेश मंत्रालय और डीप स्टेट' पर निशाना साधा है, उससे व्यग्रता पैदा होती है। पार्टी के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्रालय और डीप स्टेट' के कुछ तत्व कुछ खोजी पत्रकारों और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ मिल कर भारत को अस्थिर करने में जुटे हुए हैं। ताजा संदर्भ अडानी समूह के खिलाफ अमेरिका में दायर मुकदमे का है, जिससे पार्टी ने पत्रकारों के समूह ऑर्गनाइजड्ज क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट की इस समूह के बारे में कुछ समय पहले आई रिपोर्ट को जोड़ दिया है। चूंकि कांग्रेस, खास कर राहुल गांधी ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरने की कोशिश की है, तो भाजपा ने इसका जवाब इस ताजा हमले के साथ दिया है। स्पष्टतः आरोप का पूरा आधार परिस्थितिजन्य है। एक से दूसरे तार को जोड़ते हुए भाजपा इस नतीजे पर पहुंच गई है कि भारत को अस्थिर करने की बड़ी साजिश रची गई है और उच्चतम स्तर के देशद्रोही (यह आरोप संसद में लगाया गया) राहुल गांधी उसका हिस्सा बन गए हैं। देश के अंदर सियासी तू तू-मैं मैं दीगर पहलू है, मगर जिस अमेरिका के साथ भारत का निकट संबंध बनाना मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है, उसी पर अब इतना गंभीर इल्जाम सत्ताधारी पार्टी ने लगा दिया है। यह आरोप इतना गंभीर है कि भाजपा से यह मांग जरूर की जाएगी कि वह साजिश के बारे में ठोस सबूत देश को बताए। वरना, इससे अंतरराष्ट्रीय दायरे में भारत को जो नुकसान होगा, उसकी पूरी जवाबदेही भाजपा की ही होगी।*

## राशिफल

मेष राशि- आज आप का उत्साह बढ़ेगा। आप अपने आपको भाग्यशाली अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको नए मौके मिलेंगे। जीवनसाथी से आपको प्यार और सम्मान मिलेगा। आज जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें। आप के सामने कुछ भावनात्मक चुनौतियां आएंगी। आप अपने भाई बहनों का सहयोग करेंगे।

वृष राशि- आपके लिए आज का दिन खुशहाल रहेगा। आपके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेगा। छात्रों की रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। करियर में नए अवसर मिलेंगे। लंबी यात्राओं के योग हैं, जिससे आपके व्यापार में लाभ होगा। आज आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। पारिवारिक जीवन से समस्याएं दूर होंगी। आपको अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

मिथुन राशि- आपके लिए सकारात्मक बदलाव लाने वाला दिन है। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों को अच्छा प्रोजेक्ट मिल सकता है। जिसमें आप अपनी पूरी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, इससे आपको लाभ होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। विभिन्न स्रोतों से आज आपकी आमदनी बढ़ेगी। आज कुछ विशेष कार्य पर खर्च भी हो सकते हैं।

कर्क राशि- आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज अचानक किसी बड़े लाभ की प्राप्ति होगी। आपको आध्यात्मिक कार्यों में आनंद आएगा। आप किसी एनजीओ के साथ जुड़कर समाज सेवा करने का मन बनाएंगे। किसी कोर्ट केस का नतीजा आपके पक्ष में आने की संभावना है।

सिंह राशि- आपके लिए सफलता दिलाने वाला दिन है। आज आपके सभी काम बनेंगे। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। जिसमें आपको अपनी काबिलीयत दिखाने का मौका मिलेगा। कुछ कार्यों को लेकर आज भाग-दौड़ हो सकती है। आज पॉजिटिव सोच रखने से आपके सारे काम समय से पूरे होते जाएंगे। आपके वैवाहिक रिश्ते में अच्छी बॉन्डिंग बनेगी। परिवार का पूरा सपोर्ट मिलेगा।

कन्या राशि- आपके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। नौकरी में बॉस का सहयोग मिलेगा। जिससे आपको काफी लाभ होने की संभावना है। साझेदारी के व्यापार में तालमेल अच्छा बना रहेगा। आपको किसी के माध्यम से धन लाभ हो सकता है। आपके परिवार में आनंद का वातावरण बना रहेगा। आज आपका सोशल सर्कल बढ़ेगा। बिजनेस से रिलेटेड आपकी यात्रा हो सकती है।

तुला राशि- आपके लिए बदलाव लाने वाला दिन रहेगा। आज आपकी किसी अनुभवी व्यक्ति से मुलाकात होगी। जिनसे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आपके व्यापार में लाभ होगा। आज किसी पारिवारिक आयोजन पर धन खर्च हो सकता है। ऐसा करना आपके पारिवारिक रिश्ते को और भी मजबूत बनाएगा। आज जीवनसाथी के साथ रिश्ते मधुर होंगे। अगर आप अविवाहित हैं तो विवाह के योग बन रहे हैं। आप किसी सामाजिक कार्य में भी सहयोग करेंगे।

वृश्चिक राशि- आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज पारिवारिक सुख शांति बनी रहेगी। कार्य क्षेत्र में आपको आज ज्यादा काम मिल सकता है। आपको कलीग्स से पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार करने वालों को लाभ के योग हैं। पहले किए गए निवेश से फायदा होगा। प्राइवेट काम करने वालों को आर्थिक लाभ के संकेत हैं। आज आप अपने अन्दर पॉजिटिविटी लाने का प्रयास करें।

धनु राशि- आज के दिन आपकी पॉजिटिविटी बनी रहेगी। आज कार्य क्षेत्र में काम का दबाव रहेगा। आप समय पर कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपके करियर में प्रगति के योग हैं। खुद का व्यवसाय करने वालों को अपने विरोधियों से बच कर रहना चाहिए। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को विदेश में पढ़ने के अवसर मिलेंगे। अचानक खर्च बढ़ सकता है।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको नई नौकरी के लिए ऑफर आ सकता है। परिवारजनों से आपसी तालमेल बनाकर रखें। व्यापार करने वालों के लिए अच्छे लाभ की प्रबल संभावना है। कहीं किए गए निवेश का अच्छा रिटर्न मिलेगा। विद्यार्थियों की रूचि खेलकूद में बढ़ेगी। आपको अच्छे धन लाभ के योग हैं। आज आपको परिवार और जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि- आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज आप अच्छी रणनीति के साथ काम करेंगे तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सहकर्मियों के साथ अच्छा ताल-मेल बना रहेगा। आप जीवनसाथी के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे।मौका मिलेगा। अचानक कहीं से धन लाभ के योग हैं।

मीन राशि- आज आपका दिन लकी रहेगा। किसी सिलसिले में विदेश यात्रा का मौका मिल सकता है। आपका मन अध्यात्म में लगेगा। कार्य क्षेत्र में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं। आप अपनी समझदारी से आगे बढ़ेंगे, आपको लाभ होगा। आज आप अपने व्यापार को और बढ़ाने के लिए नया प्लान बनायेंगे, योजनाएं सफल होंगी। आज किसी से बात करते समय अपनी भाषा पर नियंत्रण रखें।

# न नेशन, वन इलेक्शन से विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल करेगा

//एस. सुनील//

**सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हमेशा चलने वाले चुनावों पर विराम लग जाएगा। सरकारों का ध्यान विकास कार्यों की ओर होगा। आचार संहिता की वजह से विकास कार्य ठप्प नहीं होंगे। और सबसे ऊपर हर बार चुनाव में होने वाले बेहिसाब खर्चों पर लगाम लगेगी। चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों का चुनावों पर बेहिसाब खर्च होता है। एक साथ चुनाव से इन खर्चों में कटौती होगी। सुरक्षा बलों को भी लगातार इस राज्य से उस राज्य तक यात्रा करनी पड़ती है। आम लोगों का ध्यान भी चुनाव पर लगा रहता है। यह सब कुछ एक निर्णय से बदल जाएगा।**

देश सचमुच बदल रहा है। न सिर्फ बदल रहा है, बल्कि शक्तिशाली हो रहा है। लोकतंत्र सशक्त हो रहा है। वैश्विक स्तर पर देश का मान बढ़ रहा है। देश में आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता आई है। अभी जिस समय देश संविधान अंगीकार करने के 75 साल पूरे होने का उत्सव मना रहा है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक और ऐतिहासिक निर्णय किया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक देश, एक चुनाव' के लिए बनाए गए दो विधेयक को मंजूरी दे दी है। संसद के शीतकालीन सत्र में इसके लिए सरकार दो विधेयक पेश करेगी। इनके जरिए संविधान के अनुच्छेद 82ए, 83, 172 और 327 में संशोधन का प्रस्ताव रखा जाएगा। इससे लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने और लोकसभा व सभी विधानसभाओं के कार्यकाल से जुड़े जरूरी बदलाव किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने इससे पहले सितंबर में पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट मंजूर कर ली थी, जिसकी सिफारिशों के आधार पर ये विधेयक तैयार किए गए हैं।

श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने सभी संबंधित पक्षों के साथ विचार विमर्श किया था। उनकी समिति के सामने अनेक विपक्षी पार्टियों ने सारे चुनाव एक साथ कराने के प्रस्ताव का विरोध किया था, लेकिन ज्यादातर पार्टियां इस विचार के समर्थन में थीं। चुनाव आयोग और आम लोगों से भी समिति ने राय ली थी। इसके बावजूद सरकार अपने संपूर्ण बहुमत के दम पर एकतरफा तरीके से इन विधेयकों को नहीं पास कराने जा रही है। सरकार इस मामले में आम राय बनाने का प्रयास कर रही है। इसलिए संविधान संशोधन के विधेयक पेश करने के बाद उसे संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी को भेजा जा सकता है, जहां सभी पार्टियों के सांसद इस पर विचार करेंगे। यह समिति सभी संबंधित पक्षों से सलाह मशविरा करेगी और आम लोगों की राय भी लेगी। उसके बाद सहमति बना कर इसे पास कराया जाएगा। वैसे सरकार जब चाहती तब इसे पास करा सकती थी क्योंकि ये साधारण संशोधन हैं, जिनके लिए संसद में साधारण बहुमत की जरुरत है और राज्यों की विधानसभा से मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं है। फिर भी सरकार आम सहमति का रास्ता अपनाएगी। जिस समय श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति बनाई गई थी तभी से इसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष पूछ रहा है कि इसका क्रियान्वयन कैसे होगा। अगर 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ सभी राज्यों के विधानसभाओं के चुनाव कराने हैं तो अगले चार साल में होने वाले विधानसभा चुनावों का क्या होगा। यह भी पूछा जा रहा है कि अगर लोकसभा और सभी विधानसभाओं का कार्यकाल तय कर दिया जाएगा तो बीच में सरकार ने बहुमत गंवाया या सरकार गिरी तब क्या होगा। क्या वहां राष्ट्रपति शासन लगा रहेगा और अगले लोकसभा चुनाव के साथ ही वहां चुनाव होगा। वैसे इन सभी सवालों का जवाब सरकार की ओर से प्रस्तावित विधेयक में मिल जाएगा। परंतु अगर राजनीतिक पूर्वाग्रह छोड़ दें तो इन सवालों के जवाब बहुत मुश्किल नहीं हैं। कुछ विधानसभाओं के कार्यकाल बढ़ा कर और कुछ के कार्यकाल घटा कर सभी विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा के साथ कराए जा सकते हैं।

जहां तक बीच में सरकार गिरने का सवाल है तो पिछले काफी समय से मध्यावधि चुनाव का चलन समाप्त हो गया है। पिछले एक दशक से ज्यादा समय से दिल्ली के एक अपवाद को छोड़ दें तो किसी राज्य में मध्यावधि चुनाव की नौबत नहीं आई है। यह लोकतंत्र की परिपक्वता का प्रतीक है। फिर भी इस संभावना को देखते हुए सकारात्मक अविश्वास प्रस्ताव का प्रावधान किया जा सकता है। यानी सरकार गिरने के साथ ही नई सरकार बनाने का प्रस्ताव भी रखा जाए। इसके बावजूद अगर कहीं सरकार गिरती है और नई सरकार नहीं बनती है तो वहां बचे हुए कार्यकाल के लिए चुनाव कराया जा सकता है। अगर इतने बड़े ऐतिहासिक निर्णय पर अमल करना है तो छोटे छोटे कुछ अपवाद बनाने होंगे। विपक्ष की ओर से पहले दिन से इस प्रस्ताव का विरोध किया जा रहा है। विपक्ष का विरोध सिर्फ इस कारण से है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसका प्रस्ताव किया है। विपक्ष को सरकार के हर प्रस्ताव और हर अच्छी पहल का विरोध करना है इसलिए वह विरोध कर रही है। विरोध में विपक्ष की ओर से ऐसे तर्क दिए जा रहे हैं, जिनसे खुद ही विपक्षी पार्टियां कठघरे में खड़ी होती हैं। कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां लोकसभा के साथ सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव को लोकतंत्र विरोधी बता रही हैं। प्रश्न है कि पूरे देश में एक साथ चुनाव कराना लोकतंत्र विरोधी कैसे है और अगर यह लोकतंत्र विरोधी है तो स्वतंत्रता के बाद करीब 20 साल तक चार लोकसभा चुनाव और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कैसे हुए। क्या देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस के दूसरे नेता लोकतंत्र विरोधी कार्य कर रहे थे। ध्यान रहे आजादी के बाद 1952 में हुए पहले चुनाव से लेकर 1967 के चौथे चुनाव तक देश के सारे चुनाव एक साथ होते थे। उस समय भी अगर कांग्रेस पार्टी ने अपनी संविधान विरोधी सोच में गैर कांग्रेसी राज्य सरकारों को बरखास्त करना नहीं शुरू किया होता तो आगे भी एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चलती रहती। लेकिन कांग्रेस को बरदाश्त नहीं हुआ कि राज्यों में उसको हरा कर गैर कांग्रेसी सरकारें कैसे बन गई हैं। सो, उसने अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग करके उन सरकारों को बरखास्त किया, जिसकी वजह से एक साथ चुनाव का चक्र टूट गया। उसके बाद गठबंधन की राजनीति के दौर में केंद्र में और राज्यों में भी एक के बाद एक मध्यावधि चुनाव हुए। कहने की जरुरत नहीं है कि नब्बे के दशक का वह दौर देश की राजनीति और अर्थव्यवस्था के लिए सबसे खराब दौर रहा। देश उस दौर से निकल आया है। अब राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता है और देश प्रगति के रास्ते पर अग्रसर है। इसलिए अब उससे और आगे बढने की जरुरत है। देश की अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अगला चरण सभी चुनाव एक साथ कराने का है। ध्यान रहे भारत में चुनावों का ऐसा चक्र बना हुआ है कि हर साल कहीं न कहीं चुनाव होते हैं। इस साल लोकसभा चुनाव के साथ चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए और उसके बाद छह महीने में चार और राज्यों के चुनाव हो चुके हैं। अगले साल यानी 2025 में दो राज्यों के चुनाव हैं। उसके अगले साल 2026 में छह राज्यों के चुनाव हैं। उसके अगले साल भी छह राज्यों के चुनाव होने हैं। इसी तरह साल दर साल चुनाव चलते रहते हैं और चुनाव भले किसी छोटे राज्य का हो लेकिन उस पर राष्ट्रीय दृष्टि लगी रहती है। लोग भी उसमें व्यस्त रहते हैं और विकास के कामकाज या तो ठप्प रहते हैं या उनकी रफ्तार धीमी हो जाती है। राजनीतिक दल संगठनात्मक कार्यों और आम नागरिकों का राजनीतिक, सामाजिक प्रशिक्षण करने की बजाय चुनावों में व्यस्त रहते हैं तो सरकारें सकारात्मक व टिकाऊ विकास के कार्यों की बजाय लोक लुभावन कार्यों में व्यस्त रहती हैं। एक साथ चुनावों के जरिए हर समय चलने वाले चुनावों पर विराम लगाया जा सकेगा और सरकारें टिकाऊ विकास के प्रति ज्यादा समर्पण के साथ काम कर सकेंगी। सरकार जो विधेयक ला रही है उसके मुताबिक लोकसभा के साथ सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव होंगे और उसके एक सौ दिन के अंदर सभी स्थानीय निकायों के चुनाव हो जाएंगे। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हमेशा चलने वाले चुनावों पर विराम लग जाएगा। सरकारों का ध्यान विकास कार्यों की ओर होगा। आचार संहिता की वजह से विकास कार्य ठप्प नहीं होंगे। और सबसे ऊपर हर बार चुनाव में होने वाले बेहिसाब खर्चों पर लगाम लगेगी। चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों का चुनावों पर बेहिसाब खर्च होता है। एक साथ चुनाव से इन खर्चों में कटौती होगी। सुरक्षा बलों को भी लगातार इस राज्य से उस राज्य तक यात्रा करनी पड़ती है। आम लोगों का ध्यान भी चुनाव पर लगा रहता है। यह सब कुछ एक निर्णय से बदल जाएगा। तभी एक साथ चुनाव कराने का निर्णय ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2014 के बाद से देश बदलने वाले जो ऐतिहासिक निर्णय किए हैं यह भी उसी कड़ी का एक महान निर्णय है। इस निर्णय को 2017 में एक देश, एक कर' यानी वस्तु व सेवा कर, जीएसटी की व्यवस्था लागू करने और 2019 में अनुच्छेद 370 व 35ए को समाप्त कर जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म करने की श्रेणी में रखा जा सकता है। यह देश की मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करने वाला निर्णय है। सभी पार्टियों, नेताओं, सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों को अपने पूर्वाग्रह छोड़ कर इस निर्णय का समर्थन करना चाहिए। इससे देश की अर्थव्यवस्था में भी स्थिरता आएगी और देश विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल करेगा।

# अब साल 2024 खत्म होने को है

//श्रुति व्यास//

**हम 2024 के अंतिम दौर में हैं और पीछे मुड़ कर जायज़ा ले सकते हैं कि साल कैसा गुजरा। शुरू से शुरू करते हैं। सन 2024 की शुरूआत रामजी के स्वागत के साथ हुई। अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन काफी तड़क-भड़क के साथ हुआ।भावनाओं का ज्वार उफान पर था। हर घर भगवान के स्वागत के लिए आतुर था और हर तरफ जय श्रीराम' के उद्घोष सुनाई दे रहे थे।भगवा रंग फैशन में था और यहां तक कि दिल्ली के खान मार्केट को राम मार्केट' तक कहा जाने लगा था।राजनीतिक पंडितों को पक्का भरोसा था कि नरेन्द्र मोदी की भाजपा जबरदस्त बहुमत के साथ सत्ता में वापिस आएगी।कहा जाता है कि जो नैरेटिव निर्धारित करता है, जीत उसी की होती है।**

नैरेटिव पर मोदीजी का कब्ज़ा था।जाहिर है जीत उन्हीं की होनी थी। यह भी कहा गया कि विचारधारात्मक कारणों' से आने वाला चुनाव महत्वपूर्ण होगा। सर्दियाँ विदा हुईं और वसंत आया। चुनाव अब काफी नज़दीक थे। शुरू में माहौल में न तो रोमांच था और ना ही शोर-शराबा। बल्कि चुनावी परिदृश्य काफी उदास सा था।फिर, कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने वाली के एक वक्तव्य ने देश का माहौल बदलकर रख दिया। पहले दौर का मतदान समाप्त होते-होते मूड में आया यह बदलाव भाजपा के स्टार प्रचारक मोदी की चाल-ढाल में दिखता होने लगा।अब की बार चार सौ पार' का नारा कहीं गुम हो गया। चुनावी भाषण काफी आक्रामक और निम्न स्तरीय हो गए। मंच से गालियाँ दी जानी लगीं। खतना, मुजरा आदि जैसे शब्द गूंजने लगे।चुनाव प्रचार के दौरान अपनी यात्राओं में मुझे मोदी के बारे में कम, और विपक्ष के बारे में ज्यादा सुनाई देने लगा। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे एक सशक्त आवाज़ बन कर उभरे और उनके फेंस की संख्या बहुत बढ़ गई।झारखंड में हेमंत सोरेन को जनता की हमदर्दी हासिल हुई। पश्चिम बंगाल में दीदी को जनता के दिल में अपनी जगह बनाए रखने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ा और शेष भारत में छोटी-सी लाल किताब (संविधान) लोकप्रिय हो गई।मतदान के सातों दौरों में, सूरज आग बरसाता रहा और मतदाता खामोश रहे। यहां तक कि मोदी के वाराणसी में भी कोई जोश नजर नहीं आया।चार जून को भारत के मतदाताओं ने अहंकार और हेकड़ी को बुरी तरह से कुचला।उन्होंने अतीत के बारे में झूठी बातों, प्रोपेगेंडा, मुखौटों और उन खतरों को भांप लिया जो भारत के इंडिया और इंडिया के भारत के सामने उपस्थित थे। भारत की जनता ने मोदी और उनके साथियों का कद घटा दिया।और उनके गठबंधन को भी कमज़ोर कर दिया। जनता का विवेक जागृत हुआ और उसने विपक्ष को सशक्त बनाया। सबसे बड़ी बात यह कि उसने विपक्ष में भरोसा दर्शाया। और एक क्षण के लिए ऐसा लगा कि लोकतंत्र पुनःस्थापित हो गया है।जबरदस्त गर्मी में मोदी के प्रति उन्माद कम ही महसूस किया गया। वे भी कम सक्रिय रहे और चुनावी गर्मी तथा मौसमी गर्मी से बचने लिए अधिक विदेश यात्राएं करने लगे।उन्होंने घरेलू राजनीति, घरेलू राजनीतिज्ञों के भरोसे छोड़ दी। विज्ञापनों और उद्घाटन-शिलान्यास के कार्यक्रमों में कमी आई। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनावों में भी उनकी भागीदारी कम ही रही।लेकिन सात महीने और एक जोरदार मानसून के बाद चार राज्यों में चुनाव हुए और मोदी व उनके लोगों का कद और ताकत दुबारा बढ़ गए।खासतौर पर महाराष्ट्र में एक आश्चर्यजनक जबरदस्त जीत के बाद ऐसा लगता है कि मोदी ने अपना खोया हुआ आत्मविश्वास दुबारा हासिल कर लिया।इस बीच विपक्षी एकता में दरारें साफ नजर आने लगीं। उनकी एकता टूटने लगी और उस पर सवालिया निशान लग गए। इंडिया गठबंधन का भविष्य एक बार फिर कम सुनहरा लगने लगा। टूट-फूट, ताने, अनुचित टिप्पणियां होने लगीं, अहं के टकराव होने लगे, नेतृत्व को लेकर खींच-तान होने लगी और राज्यों के चुनाव अलग-अलग लडने का सिलसिला जारी रहा।जहां तक राहुल गांधी का सवाल है, लोकसभा चुनाव के बाद से एक समृद्ध विरासत के ये वारिस केवल संसद के सत्रों के दौरान अतिसक्रिय नजर आते हैं। बाकी समय वे वही दिखते हैं जिसके लिए वे मशहूर हैं ङ्क राजनीति के प्रति उदासीन। यह भारतीय राजनीति के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजनीति के मूलभूत तत्वों संगठन, मतदाताओं को जोडने और उत्साहित करने में राहुल गांधी सक्षम और कुशल नजर नहीं आ रहे हैं। यह भी भारतीय राजनीति और विचारधारा के नैरेटिव की दृष्टि से दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल गांधी सक्रिय राजनीति से दूर होकर नेतृत्व किसी और को, मसलन अपनी बहन प्रियंका गांधी को, सौंपने के लिए तैयार नहीं हैं।

इन सात महीनों के दौरान अडानी के बारे में सही बातें कहने के बावजूद वे लोकसभा चुनाव में हासिल बढ़त को इस्तेमाल कर अपनी स्थिति और मजबूत बनाने में विफल रहे। वे अपनी कमजोर होती और बिखरती पार्टी को पुनर्जीवित करने और उसे सुधारने में भी विफल रहे। बल्कि जिस विचारधारा को अपनाया है, उसके चलते पार्टी काफी हद तक वामपंथ की ओर खिसक गई है ङ्क वह पार्टी जो पिछली पीढियों में उच्च-जातियों की एक मध्यमार्गी पार्टी मानी जाती थी।अब साल खत्म होने को है। ठिठुरन भरी सर्दी और धुंध का दौर दुबारा आ गया है। उसके साथ ही पिछले साल की अनिश्चितता की स्थिति भी दुबारा बन गई है। यह साल हमारे देश में लोकतंत्र के लिए अच्छा रहा। क्या नए साल में लोकतंत्र दुबारा लडखड़ाने लगेगा। क्या नरेन्द्र मोदी दुबारा वह सब हासिल कर लेंगे जो 2024 में उनसे छिन गया था। या फिर राहुल गांधी को जनता के रूख और उनकी जरूरतों का अहसास होगा और वे एक फुलटाइम राजनीतिज्ञ की तरह व्यवहार करना शुरू करेंगे। पहली स्थिति बनने की संभावना अधिक नजर आती है।

## तस्वीरों की दुनिया



कोलकाता में हुगली नदी के प्रिंसेप घाट 1 पर सी एक्सप्लोरर्स इंस्टीट्यूट (एसईआई) द्वारा आयोजित अभूतपूर्व बोट शो आनंदा में भाग लेती नावें।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में सशस्त्र सीमा बल के 61वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजस्थान के जैसलमेर में आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (विधानसभा सहित) के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की।



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में संसद भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।



भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्यों ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर पर की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया और माफी की मांग की।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संसद भवन के सामने मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और जे.पी. नड्डा के साथ। यह पूरी तरह से सुसज्जित मोबाइल स्वास्थ्य सेवा सुविधा पीएम जन आरोग्य योजना और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अनुरूप है।



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने नई दिल्ली में संसद भवन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के डॉ. बी.आर. अंबेडकर पर कथित अपमानजनक बयान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

# काम नहीं आएगी डोनाल्ड ट्रंप की धमकी! अब कारोबारी मुद्दों पर मिलेंगे भारत व चीन



नईदिल्ली, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

सीमा विवाद को स्थाई तौर पर सुलझाने को लेकर भारत और चीन के बीच विशेष प्रतिनिधि (एसआर) स्तर की वार्ता के बाद अब कारोबार से जुड़े मुद्दे पर भी जल्द ही दोनों देशों के बीच बैठक हो सकती है। चीन भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर देश है और दोनों देशों के बीच कारोबार से जुड़े कई मुद्दे भी हैं, इसके बावजूद पिछले पांच वर्षों से इनके वाणिज्य मंत्रियों के बीच कोई वार्ता नहीं हुई है। जुलाई, 2023 में जी-20 सम्मेलन के दौरान अहमदाबाद में भारत व चीन के वित्त मंत्रियों की एक बैठक जरूर हुई थी लेकिन उसके बाद तकरीबन डेढ़ वर्ष का समय बीत चुका है। अक्टूबर, 2024 में पीएम नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई मुलाकात में ना सिर्फ पूर्वी लद्दाख स्थित एलएसी पर साढ़े चार वर्षों से जारी सीमा विवाद का निपटारा हुआ है बल्कि सहयोग के दूसरे क्षेत्रों में भी मुलाकात का रास्ता खुला है। भारत और चीन के रिश्तों में तनाव से दोनों देशों के कारोबारी जगत को भी बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। चीन के सहयोग से चलने वाली भारतीय कंपनियों के लिए चीन के विशेषज्ञों को बुलाने के लिए वीजा नहीं मिल पा रही है। इस समस्या के समाधान के बारे में पूछने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि, हम धीरे धीरे हर मुद्दे पर कदम उठाएंगे। शीर्ष नेताओं के निर्देश के बाद विदेश मंत्री स्तर और विशेष प्रतिनिधि स्तर की बातचीत हो चुकी है। अब इंतजार कर रहे हैं कि चीजें किस तरह से आगे बढ़ती हैं और तब दूसरी बैठकों के बारे में फैसला होगा। बताते चलें कि 11 दिसंबर, 2024 को बीजिंग में एसआर वार्ता व्यवस्था के तहत एनएसए अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की अगुवाई में वार्ता हुई थी। इसमें सिक्कम के नाथुला बॉर्डर पर फिर से कारोबार करने की सहमति बनी है। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया था कि जल्द ही नाथुला सीमा पर कारोबार शुरू किया जाएगा। माना जा रहा है कि दोनो देशों के वाणिज्य मंत्रालयों के स्तर पर ही यह बातचीत होगी। भारत और चीन के बीच ट्रेड वार्ता की यह सुगबुगाहट तब शुरू हुई है जब अमेरिका के नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के खिलाफ बेहद सख्ती दिखाने की बात कही है। वैसे उन्होंने भारत के खिलाफ भी शुल्क लगाने की बात ही है लेकिन जानकार मान रहे हैं कि ट्रंप के निशाने पर मुख्य तौर पर चीन है।यह हालात भारत के लिए दोहरा अवसर साबित हो सकता है। एक तरफ भारत अमेरिकी बाजार के लिए चीन के विकल्प के तौर पर अपने आपको पेश कर सकता है और चीन पल्स वन नीति (चीन के साथ एक और देश में मैन्यूफैक्चरिंग करने की अमेरिकी कंपनियों की नीति) का फायदा उठा सकता है तो दूसरी तरफ चीन के साथ भी कारोबार संतुलन बढ़ाने का सौदा कर सकता है।चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा लगभग 58 अरब डॉलर का है। वर्ष 2024-25 का द्विपक्षीय कोराबर पिछले वित्त वर्ष के 118.4 अरब डॉलर से भी ज्यादा होने की उम्मीद है। भारत सबसे ज्यादा सामान चीन से ही आयात करता है।वर्ष 2020 में सीमा विवाद शुरु होने से पहले भारत व चीन के बीच व्यापार घाटा पाटने पर विमर्श होता रहा है। चीन ने तब भारत से चावल, औषधि आदि आयात करने की बात कही थी लेकिन रिश्तों में तनाव का इस पर असर हुआ। दूसरी तरफ चीन से होने वाले आयात में कोई कमी नहीं आई।

## आज कुवैत जाएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, 43 साल बाद भारतीय पीएम का पहला दौरा

**नई दिल्ली 21 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगामी कुवैत यात्रा से दोनों देशों के रिश्तों में नये युग की शुरुआत होगी। पीएम मोदी शनिवार (21 दिसंबर, 2024) को कुवैत जाएंगे। 22 दिसंबर को इनकी कुवैत के आमिर, क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री से अलग-अलग बातचीत होगी। वह उसी दिन शाम को स्वदेश लौट आएंगे। इस बीच मोदी कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात करेंगे। कुवैत में 10 लाख भारतीय रहते हैं जिनकी संख्या वहां रहने वाले विदेशी नागरिकों में सबसे ज्यादा है। यह 43 वर्षों बाद किसी भारतीय पीएम की कुवैत यात्रा होगी और इससे दोनों देशों के बीच संबंधों में नई गर्माहट आएगी।

# आरबीआई ने चेताया: कई केंद्रीय योजनाओं से कमजोर हो रहा सहकारी संघवाद, राज्यों पर भी होता है असर




नईदिल्ली, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

केंद्र सरकार की बड़ी-बड़ी वित्तीय योजनाएं सहकारी संघवाद की भावना के खिलाफ है क्योंकि इससे राज्यों की खर्च करने की आजादी पर असर पड़ता है। यह बात आरबीआई ने राज्यों के बजट पर जारी सर्वेक्षण रिपोर्ट में कही है। केंद्रीय बैंक ने राज्यों की वित्तीय स्थिति में सुधार की बात कही है लेकिन उसने पहली बार केंद्र पोषित आर्थिक योजनाओं के दूरगामी वित्तीय दुष्परिणामों पर बात की है।आरबीआई ने सीधे तौर पर यह भी कहा है कि केंद्र पोषित योजनाओं के समायोजन करने से सिर्फ राज्यों पर ही नहीं बल्कि केंद्र पर भी वित्तीय बोझ कम करने में मदद मिलेगी। आरबीआई की इस रिपोर्ट ने एक ऐसे मुद्दे को छेड़ दिया है जिसे महसूस तो कई राज्य करते हैं लेकिन अभी तक कोई स्पष्ट तौर पर बोलता नहीं है। इस समय केंद्र पोषित स्कीमों (सीएसएस) की संख्या 75 है जबकि वर्ष 2016 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों की एक उप-समूह की सिफारिशों के आधार पर 28 स्कीमों की मंजूरी दी थी। तब उप-समूह ने सीसीएस की संख्या किसी भी सूरत में 30 से ज्यादा नहीं होने की बात कही थी। आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र सरकार की बहुत सारी स्कीमों से राज्य सरकारों की खर्च करने का लचीलापन प्रभावित होता है और सहकारी संघवाद की भावना का क्षरण होता है। अगर केंद्र पोषित स्कीमों (सीएसएस) का ठीक तरीक से समायोजन किया जाए तो राज्यों को बजट में खर्च करने की ज्यादा आजादी होगी जिसका इस्तेमाल वह अपने राज्यों की विशेष जरुरतों के हिसाब से कर सकते हैं। इससे राज्यों और केंद्र दोनों पर वित्तीय बोझ कम करने में मदद मिलेगी।

केंद्रीय बैंक ने उक्त बात राज्यों के वित्तीय स्वास्थय को बेहतर करने और उनके कर्ज लेने की आवश्यकताओं के आकलन को ज्यादा पारदर्शी बनाने के संदर्भ में कही है। आरबीआइ की तरफ से इस तरह की परोक्ष चेतावनी देने को अप्रत्याशित माना जा रहा है। इस टिप्पणी के बाद अब 16वें वेतन आयोग की सिफारिशों का इंतजार करना होगा। अरविंद पानागढ़िया की अध्यक्षता वाले 16वें वेतन आयोग की रिपोर्ट अक्टूबर, 2025 तक आएगी। वर्ष 2024-25 के बजट प्रपत्रों में केंद्र पोषित स्कीमों की संख्या 75 दिखाई गई है। इनका बजटीय आकार 5,06,978.07 करोड़ रुपये रखा गया है। जबकि वर्ष 2022-23 मे इन स्कीमों का आकार 4,35,556.32 करोड़ रुपये का रहा था।कुल बजटीय आकार का 10 फीसद से ज्यादा का राशि सरकार इन स्कीमों के मदद के जरिए ही कर रही है। यह एक बड़ा कारण है कि आरबीआई को इन पर सवाल उठाने की जरूरत पड़ी है। उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में ही राज्यों के मुख्यमंत्रियों के उप समूह का गठन किया था कि सीएसएस में किस तरह से ज्यादा उपयोगी बनाया जाए।

# जयपुर हादसा: 12 लोग जिंदा जले, हवा में उड़ रहे पक्षी भी नहीं बचे, युवक के चेहरे पर चिपक गया हेलमेट



**जयपुर।** जयपुर में शुक्रवार सुबह जयपुर-अजमेर हाईवे पर भांकरोटा इलाके में एलपीजी गैस से भरे टैंकर के यू टर्न लेने के दौरान पीछे से आ रहे ट्रक की टक्कर से धमाका हो गया। सुबह लगभग छह बजे दिल्ली पब्लिक स्कूल के निकट हुए हादसे में जिंदा जलने से सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोगों ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। लगभग तीन दर्जन लोग झुलसे हैं। इनमें 10 की हालत गंभीर है। इनमें से एक की देर रात मौत हो गई। हादसे में कुल 12 लोगों की मौत हो गई।टैंकर से उठी आग इतनी भयंकर थी कि राजमार्ग से गुजर रहे और आसपास खड़े 40 से अधिक वाहन जलकर राख हो गए। उदयपुर से जयपुर जा रही निजी स्लीपर बस भी जल गई। बस में 34 यात्री थे, जिसमें 20 झुलस गए। बस टैंकर के पीछे ही चल रही थी। आग बुझने के बाद तीन लोगों के शव को घटनास्थल से अस्पताल पहुंचाया गया। बस के चालक और परिचालक लापता हैं। टैंकर से गैस के रिसाव के बाद लगभग 200 फुट ऊंची लपटों से कई पक्षी भी झुलस गए। घटना पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री भजनलाल ने गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए हादसे में मृतक के स्वजन को दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर पहले अस्पताल फिर घटनास्थल पहुंचे। चिकित्सा मंत्री ने बताया कि हादसे में चार दर्जन से अधिक लोग झुलसे थे, जिनमें से 11 की मौत हो गई। 35 घायलों में से 26 की पहचान हो चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्री ने सीएम भजनलाल से बात कर हालात की जानकारी ली। राज्य सरकार ने मृतकों के स्वजन को पांच-पांच लाख और घायलों के स्वजन को दो-दो लाख रुपये की सहायता की घोषणा की है।जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसफ ने बताया कि टक्कर के बाद गैस से भरे टैंकर में नीचे की तरफ जो सुरक्षा वाल्व और नोजल लगे थे, वो टूट गए।

# सत्याग्रह से नहीं, लोगों के हाथ में हथियार देख भागे अंग्रेज बिहार के राज्यपाल आर्लेकर ने एक कार्यक्रम में दिया बयान

नईदिल्ली, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।




अंग्रेजों ने भारत को सत्याग्रह की वजह से नहीं छोड़ा था, बल्कि जब उन्होंने देखा कि यहां के लोगों के हाथ में हथियार आ गए हैं तब उन्हें लगा कि मामला किसी भी हद तक पहुंच सकता है। यह बात बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने गोवा में आनंदिता सिंह की लिखी पूर्वोत्तर भारत में स्वतंत्रता संग्राम का संक्षिप्त इतिहास (1498 से 1947) के विमोचन अवसर पर कही।गोवा में पुर्तगाली कब्जे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि बिना किसी से डरे हुए इतिहास के बारे में सही दृष्टिकोण को सामने लाया जाए। कांग्रेस सरकारों का नाम लिए बिना उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) ने एक मनगढंत कथा गढ़ी कि आप गुलाम बनने के लिए ही पैदा हुए हैं और तत्कालीन सरकार ने इस बात का समर्थन भी किया। उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों ने हम पर आक्रमण किया वो कभी भी हमारे नहीं हो सकते। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि हम अपना दृष्टिकोण सामने लाएं। आक्रांताओं ने एक कहानी बनाने की कोशिश की है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम हथियारों के बिना नहीं हुआ। उन्होंने सत्याग्रह की वजह से भारत नहीं छोड़ा। बल्कि जब उन्होंने देखा कि हमारे हाथ में हथियार है और उन्हें महसूस हुआ कि हम किसी भी हद तक जा सकते हैं, तब उन्होंने देश छोड़ने का फैसला किया।आगे बोले कि हमें तत्कालीन ब्रिटिश संसद में सांसदों के भाषण सुनने चाहिए। उनमें साफ तौर पर उन लोगों ने सशस्त्र संग्राम का जिक्र किया है।

# मकान मालिक को पति-पत्नी बताकर किराए पर लिया था कमरा, लिव इन में रह रही युवती ने की आत्महत्या

बरेली, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

मुस्लिम युवक संग लिव इन रिलेशनशिप में रह रही युवती ने फंदे से लटक कर जान दे दी। युवती की आत्महत्या के बाद ही युवक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे युवती के परिजनों ने बताया कि उन्हें यह बिल्कुल भी नहीं मालूम था कि उनकी बेटी एक मुस्लिम युवक के संग रह रही है। उसने तो यह कहा था कि उसका कौशल विकास में नंबर आ गया है और वह सिलाई कढ़ाई सीख रही है। पुलिस अब युवक की तलाश में जुटी है।मूल रूप से पीलीभीत के बीसलपुर थाना निवासी एक युवती का पड़ोसी गांव के मुस्लिम युवक के संग प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों हरुनगला में एक किराए के मकान में लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। उन्होंने मकान मालिक को लिव इन की बात नहीं बताई। कहा कि वह पति पत्नी हैं। युवक सेटेलाइट स्थित एक अस्पताल में वार्ड ब्वॉय का काम करता है, जबकि युवती एमए-बीएड की पढ़ाई कर रही थी। मगर युवती ने यह बात अपने घर पर नहीं बताई। युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी ने कहा था कि उसका कौशल विकास योजना में नंबर आ गया है और वह यहां पर सिलाई कढ़ाई का काम सीख रही है। हफ्ते 10 दिन में वह अपने गांव भी चली जाती थी। शुक्रवार सुबह जब युवती का कमरा काफी देर तक नहीं खुला तो मकान मालिक ने आवाज लगाई। अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने खिड़की से झांक कर देखा तो पता चला कि युवती फंदे से लटकी हुई थी। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर युवती के शव को फंदे से उतारा। पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद से ही युवक गायब है। वह कहां है अभी तक किसी को नहीं पता। जिस अस्पताल में वह काम करता है, वहां भी जाकर पूछताछ की, वहां भी किसी को उसके बारे में नहीं पता। युवक का फोन लगाया जा रहा है तो वह बंद आ रहा है। पुलिस अब उसकी तलाश में जुटी है। युवक के पकड़े जाने के बाद ही आगे की कहानी स्पष्ट होगी।

## बांग्लादेशी आतंकी संगठन के आठ सदस्य 10 दिन की पुलिस हिरासत में, नए राज आ सकते हैं बाहर



गुवाहाटी, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

गुवाहाटी की एक अदालत ने अन्सरुल्ला बांग्ला टीम (एबीटी) के आठ सदस्यों को 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। असम में एसटीएफ द्वारा गुरुवार को भारत में अल-कायदा आतंकी संगठन से संबंधित एबीटी के इन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था। एसटीएफ के आइजीपी पार्था सारथी महंता ने बताया कि गुरुवार को गिरफ्तार किए गए सभी आठ आरोपितों को अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। हमनें उनके पास से चार पेन ड्राइव और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं और इनकी जांच की जा रही है।इनमें से एक बांग्लादेशी नागरिक है, जिसकी पहचान 36 वर्षीय मोहम्मद साद राडी उर्फ शाब शेख के रूप हुई है। बांग्लादेश के राजशाही का रहने वाला राडी नवंबर 2024 में भारत में घुसा और उसका मकसद अपनी नापाक विचारधारा फैलाने के साथ स्लीपर सेल विकसित करना था।

## यह उनके पापों का परिणाम, सीएम योगी ने संभल को सनातन से जोड़ा, कहा- धर्म सुरक्षित है तो दुनिया में सभी सुरक्षित



अयोध्या, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।

सनातन धर्म सुरक्षित है, तो दुनिया में सभी सुरक्षित हैं। सनातन धर्म के अतिरिक्त ऐसा कोई मत-मजहब नहीं है, जिसने विश्व के कल्याण की बात की हो, जबकि सनातन धर्म ने घोषित किया, 'अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम, उदार चरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम'। यह उद्गार हैं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के। वह शीर्ष पीठ अशर्फीभवन में चल रहे पंचनारायण महायज्ञ में आहुति अर्पित करने के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है।उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति के माध्यम से समाज में सकारात्मकता और शांति का प्रसार होता है। उन्होंने कहा कि विश्व शांति की स्थापना केवल सनातन धर्म के माध्यम से हो सकती है। यह शाश्वत धर्म है, जो सृष्टि के आरंभ से ही चला आ रहा है। मुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक-धार्मिक विरासत के साथ विकास का समीकरण भी स्थापित किया। कहा, डबल इंजन की सरकार ने संतों के मार्गदर्शन में अयोध्या के वैभव को पुनः स्थापित किया है। रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण और अयोध्या धाम का विकास इसका जीवंत उदाहरण है।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यज्ञ न केवल आत्मशुद्धि और पर्यावरण शुद्धि का माध्यम है, बल्कि यह सनातन धर्म की रक्षा और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार भी करता है। यह आयोजन मां सरयू के पवित्र आंचल और भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर हो रहा है, जो इस यज्ञ को और भी विशेष बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन गलतियों की वजह से भारत को गुलामी की बेड़ियां झेलनी पड़ीं और हमारे धर्म स्थलों का अपमान हुआ, उन्हें दोबारा नहीं दोहराया जाना चाहिए। उन्होंने भारतवासियों से सनातन धर्म की रक्षा और संरक्षण के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत तब तक भारत है, जब तक यहां सनातन धर्म सुरक्षित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस धर्म के संरक्षण और संवर्धन के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में सवाल उठाया कि आज बांग्लादेश में क्या हो रहा है, पाकिस्तान में क्या हुआ था, इससे पहले अफगानिस्तान में क्या हुआ।

## दो जिलों में बड़ी मात्रा में हथियार बरामद, तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों पर चली गोलियां

इंफाल, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।



मणिपुर के इंफाल पूर्वी और कंगपोकपी जिलों के कुछ भागों में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने विदेश में बने हथियार समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। राज्य के पश्चिमी इंफाल जिले के एक गांव से फायरिंग की सूचना मिली है।पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार शाम कंगपोकपी जिले के साहेबुंग और एल जगनोमफाई के हथियारबंद लोगों ने पहाड़ियों की चोटी से ताइरेनपोकपी गांव को निशाना बनाया। गांव के हथियारबंद लोगों ने जवाबी कार्रवाई की। किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। पुलिस ने कहा है कि इंफाल पूर्वी जिले में नुंगब्रम और लैरोक वैफेई क्षेत्रों में एक 7.62 एमएम रूसी आरपीडी मशीन गन और 5.56 एमएम आईएनएसएएस राइफल बरामद हुई। इसी क्षेत्र में दो और हथियार और चार हथगोले, दो वायरलेस रेडियो सेट और गोलियां भी जब्त की गई हैं। कंगपोकपी जिले में लैमाटोन थांगबुह के समीप नेपाली खुट्टी क्षेत्र से तीन हथियार, एक डेटोनेटर एक आइईडी और गोलियां बरामद की गईं। मई में हिंसा भड़कने के बाद सुरक्षा बल पूरे मणिपुर में तलाशी अभियान चला रहे हैं। दो समूहों के बीच हिंसा में 250 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

## कोटा में बिहार के छात्र ने आत्महत्या की हॉस्टल के कमरे में फंदे पर लटका मिला

**जयपुर।** राजस्थान के कोटा में एक और छात्र ने आत्महत्या कर ली। इस साल में अब तक प्रदेश में 19 छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या की है। बिहार के मन्नार भीकमपुरा जिला वैशाली के छात्र लोकेश ने आत्महत्या की। मृतक छात्र कोटा के विज्ञान नगर के एक निजी हॉस्टल के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। मृतक छात्र हास्टल में रहता था।पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही हैछात्र आठ महीने पहले जेईई परीक्षा की तैयारी करने कोटा आया था। छात्र की आत्महत्या की जानकारी मिलने के बाद विज्ञान नगर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। विज्ञान नगर पुलिस थाना अधिकारी मुकेश मीणा ने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।हॉस्टल के कमरे में पंखे में आत्महत्या रोकने के लिए एंटी-हैंगिंग डिवाइस लगा होने के बावजूद यह घटना हुई। पुलिस को संदेह है कि यह आत्महत्या का मामला है, हालांकि, कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है ।


# पंजाब में नहीं थम रही पुलिस चौकियों में विस्फोट की घटनाएं, अब गुरदासपुर के वडाला बांगर थाने में धमाका

कलानौर, 21 दिसम्बर [एजेंसी]।



जिला गुरदासपुर में बंद पड़ी पुलिस चौकी बख्शीवाल पर हमले के एक दिन बाद अब शुक्रवार रात्रि एक और बंद पुलिस चौकी पर धमाका हुआ है। ये दोनों पुलिस चौकियां कर्मचारियों की कमी के कारण पिछले दिनों बंद कर दी गई थीं। धमाके से आसपास के घरों के लोग सहम गए। सुखविंदर सिंह निवासी जौड़ा ने बताया कि रात लगभग नौ बजकर 30 मिनट पर पुलिस चौकी वडाला बंगार में धमाके की आवाज सनाई दी। उन्होंने बताया कि उनकी माता दिल की मरीज हैं, धमाके की आवाज से उनकी हालत बिगड़ गई। धमाके की सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी गई है।यह पुलिस चौकी आबादी के बीच स्थित है। बख्शीवाल चौकी पर धमाके को लेकर पुलिस ने अभी तक किसी के खिलाफ भी मामला दर्ज नहीं किया है। राज्य के थानों पर पहले हुए धमाके के मामलों की तरह इस मामले में भी पुलिस यही कह रही है कि जांच चल रही है। चौकी बख्शीवाल में पुलिस मामलों के दौरान पकड़े गए वाहन खड़े रहते हैं। इन्हीं में से एक छोटा हाथी वाहन में ग्रेनेड फटा था।यह पता लगाने के लिए कि धमाका किस विस्फोटक से किया गया है, छोटा हाथी को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। गत आठ दिनों में पुलिस को दो बार निशाना बनाया जा चुका है।पहले 11 दिसंबर को थाना घनिए के बांगर में और अब 18 दिसंबर की रात थाना कलानौर के अंतर्गत पुलिस चौकी बख्शीवाल में धमाका हुआ।रिमोट गिरने से नहीं कर पाए थे अजनाला थाने में आईईडी धमाका, फिर ऐसे बनाया ग्रेनेड फेंकने का प्लानथाना घनिए के बांगर में हमले के मामले में भी पुलिस किसी आरोपित की पहचान नहीं कर पाई है। बख्शीवाल चौकी पर धमाके के बाद खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने हमले की जिम्मेदारी ली। जिला गुरदासपुर के थाना किला लाल सिंह की दीवारों को फाइबर शीट लगाकर लगभग तीन फुट ऊंचा कर दिया गया है। इसके साथ ही फ्लैश लाइटें व कैमरे भी लगाए जा रहे हैं।इसके साथ ही, थाने की ओर जाने वाली मुख्य सड़क को भी एंगल लगाकर बंद कर दिया गया है ताकि कोई शरारती तत्व अपना वाहन थाने की ओर न ले जा सके। डीएसपी गुरविंदर सिंह का कहना है कि पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। इसे लेकर विभिन्न टीमों का गठन किया गया है।शीघ्र ही इस मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। चौकी बख्शीवाल व वडाला बांगर को बंद करने के संबंध में उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की नफरी कम होने के कारण इन्हें बंद किया गया है।

# बच्चों के लिए ऑनलाइन कपड़े खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान



आजकल लोगों के पास में पहले के मुकाबले शॉपिंग करने के लिए बहुत सारे ऑप्शन होते हैं. पहले जहां कपड़ों से लेकर कोई भी जरूरी सामान लेने के लिए लोगों को बाजार जाना पड़ता था. अब घर बैठे-बैठे ही लोग किसी भी चीज को ऑर्डर कर लेते हैं. आजकल हर कोई ऑनलाइन कपड़ों की शॉपिंग करता है. कुछ ही मिनटों में सामान ऑनलाइन ऑर्डर करने के बाद घर डिलीवर हो जाता है. ऐसे में लोग अपने बच्चों के लिए भी ऑनलाइन कपड़े खरीदने में पीछे नहीं रहते हैं.लेकिन अक्सर ऑनलाइन शॉपिंग करने में कंफ्यूजन भी बहुत होता है. कई बार ऐसा भी होता है कि कुछ सही से समझ नहीं आता है. अगर आप भी अपने बच्चे के लिए ट्रेंडी और कंफर्टेबल कपड़े खरीदना चाहते हैं तो यहां बताए टिप्स को फॉलो कर सकते हैं. आइए जानते हैं इनके बारे में.

फैशन ट्रेंड के रहें रूबरू

ऑनलाइन शॉपिंग करते समय सबसे पहले फैशन ट्रेंड को जरूर चेक करें. इसके लिए आफ ब्लॉग्स, इंस्टाग्राम और पिंटेरेस्ट की मदद ले सकते हैं. आजकल क्या फैशन में है ये जानना बहुत जरूरी है. आप सोशल मीडिया पर भी जाकर देख सकते हैं कि आजकल कौन से ट्रेंडिंग शेड्स, डिजाइन और पैटर्न चलन में हैं. इसके बाद यहां से सिलेक्ट करें कि आपके बच्चे पर इनमें से क्या अच्छा लगेगा.

सर्च फिल्टर लगाना न भूलें

आप जब भी अपने बच्चे के लिए कोई भी कपड़े ऑनलाइन खरीदें तो उसके लिए जिस भी एप का इस्तेमाल कर रही हो तो उसमें सर्च फिल्टर लगाना न भूलें.आप किसी एप पर ऑनलाइन शॉपिंग करिए तो वहां बच्चे की उम्र, जेंडर और साइज का ऑप्शन दिया रहता है. ऐसे में इस सर्च फिल्टर के ऑप्शन को शॉपिंग करते समय इस्तेमाल करिए ताकि आप बच्चे के लिए सही नाप का कपड़ा खरीद सकें. बच्चों के लिए कपड़े चुनते समय इस बात का भी खास ध्यान रखना है कि वो दिखने में ट्रेंडी तो हों लेकिन साथ में कंफर्टेबल भी हों.

## सही फैब्रिक का ऐसे करें चयन

बच्चे के लिए कंफर्टेबल कपड़े लेना सबसे जरूरी है. इसके लिए ऑनलाइन कपड़े मंगवाते समय सही फैब्रिक का चुनाव करें. कपड़े खरीदते समय एक बात का खास ख्याल रखना पड़ता है कि उसका फैब्रिक मुलायम हो. बच्चों की त्वचा संवेदनशील होती है, इसलिए हमेशा कॉटन बैम्बू या फिर लिनन से बने कपड़ों को ही खरीदें. आपको ऑनलाइन कपड़े के बारे में सभी जानकारी साझा की जाती है. आप उसे चेक करके अपने अनुसार बच्चे के लिए कुछ भी ले सकते हैं.

रिव्यू देखना न भूलें

जब भी बच्चे के लिए ऑनलाइन कपड़े मंगवा रही हो तो उस कपड़े के बारे में साइट (Best site for baby clothes in india)या एप पर दिए गए रिव्यू को जरूर चेक करें. अगर आपको ऑनलाइन कुछ समझ में आ रहा है तो सबसे पहले उसके रिव्यू चेक करिए. जिन्होंने उस कपड़े को खरीदा होगा वो उसे इस्तेमाल करने के बाद रिव्यू जरूर पोस्ट करेंगे.

दूसरे पेरेंट्स अक्सर ही ऑनलाइन कपड़े की क्वालिटी और साइज़ वगेरह को लेकर अपना रिव्यू पोस्ट करते हैं. इससे आपकी काफी सहायता हो सकती है.



## टीवी एक्ट्रेस दीपिका ने शुरू की शूटिंग, जल्द ही साझा करेंगी क्या नया कर रही हैं?

दीपिका कक्कड़ टीवी सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए दर्शकों के बीच मशहूर हुई थी। इसके अलावा भी उन्होंने कई हिट टीवी सीरियल्स में काम किया। टीवी एक्टर शोएब इब्राहिम से शादी के बाद वह अपनी फैमिली लाइफ में व्यस्त हो गई। उनका एक छोटा बेटा भी है, जिसकी परवरिश में वह अपना पूरा समय देती हैं। लेकिन टीवी सीरियल में काम ना करने के बावजूद भी वह लाइमलाइट में बनी रहती हैं। दीपिका टीवी सीरियल में एक्टिव ना होने के बावजूद भी, दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाए हुए हैं। दरअसल, वह अपना एक व्लॉग चैनल यूट्यूब पर चलाती हैं। इस चैनल का नाम 'दीपिका की दुनिया' है। इसमें वह अपने हर दिन का हाल दर्शकों के साथ साझा करती हैं। उनके इस चैनल पर लगभग 3 मिलियन फॉलोअर हैं। हाल ही में अपने व्लॉगिंग चैनल पर ही दीपिका कक्कड़ ने बताया कि वह जल्द ही एक दर्शकों को एक खास प्रोजेक्ट में नजर आएंगी। इसी व्लॉग में वह शूटिंग वाली जगह पर भी नजर आईं। शूटिंग पर उनका बेटा भी साथ में मौजूद था। दीपिका ने कहा कि वह जल्द ही बताएंगी कि किस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन रही हैं। दीपिका के यूट्यूब चैनल पर अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है लेकिन उन्हें अकसर ट्रोलिंग का शिकार भी होना पड़ता है। अकसर कुछ सोशल मीडिया यूजर्स दीपिका कक्कड़ और उनके पति शोएब इब्राहिम को उनके रहन-सहन और पहनावे को लेकर ट्रोल कर देते हैं। कई यूजर्स तो दीपिका को इसलिए भी ट्रोल करते हैं कि उन्होंने परिवार की देखभाल के लिए करियर से ब्रेक ले लिया है। इस ट्रोलिंग पर दीपिका भी चुप नहीं रहती हैं, वह बुरी बातें बोलने वाले लोगों को अपने व्लॉगिंग चैनल के जरिए ही मुंहतोड़ जवाब देती हैं।

# क्यों आती है पढ़ाई करते समय नींद? आलस नहीं झपकी लगने के हैं और भी कारण



बच्चे हो या फिर युवा अक्सर ऐसा सभी के साथ होता है कि किताब खोलते ही नींद आने लगती है. क्या आपको पता है इसके पीछे आलस नहीं कई और भी कारण होते हैं.

यहां जानिए कारण

पढ़ते समय नींद की झपकी आना सामान्य बात है. कई बार कोई भी बुक या मैग्जीन पढ़ते हुए ऐसा लगता है कि आंखें अपने आप बंद हो जाएंगी. आइए जानते हैं पढ़ते समय नींद आने के कारण.

मानसिक मेहनत

पढ़ाई करते समय हमारी मानसिक मेहनत होती है. ये थका देने वाली प्रक्रिया होती है. जब भी हम पढ़ते हैं तो उस दौरान हमारा दिमाग लगातार नई जानकारी को हासिल करने और उसे प्रोसेस करने की कोशिश करता है. यह मानसिक मेहनत हमारे शरीर को थका देती है और नींद आने लगती है.

स्लीप साइकिल गड़बड़ होना

जिन लोगों की स्लीप साइकल गड़बड़ होती है उन्हें भी पढ़ते समय झपकी आती है. अगर आप रात को पूरी नींद नहीं लेते हैं, तो दिन में आपको नींद आना स्वाभाविक है.

अनियमित स्लीप साइकिल आपके शरीर की नेचुरल स्लीप-वेक साइकिल को बाधित करता है और आपको दिन में थका हुआ महसूस कराता है.


एक ही पोजीशन में पढ़ना

एक ही पोजीशन में पढ़ने की वजह से भी आपको नींद आ सकती है. अगर आप एक ही पोजीशन में लंबे समय तक बैठकर पढ़ते हैं या अकेले कमरे में पढ़ते हैं, तो आपका शरीर और दिमाग जल्दी थक सकता है, जिसके कारण नींद आने लगती है.

स्वास्थ्य समस्याएं भी हैं कारण

अगर आपको किसी भी तरह की कोई स्वास्थ्य समस्या है तो भी आपको नींद आ सकती है. कुछ स्वास्थ्य समस्याएं जैसे कि एनीमिया, थायरॉइड समस्याएं और डिप्रेशन भी पढ़ते समय नींद आने का कारण बन सकती हैं.

## तापसी पन्नू ने फिल्म गांधारी से साझा कीं अपनी झलकियां, लिखा- युद्ध शुरू हो रहा है



अभिनेत्री तापसी पन्नू को पिछली बार अक्षय कुमार के साथ फिल्म खेल खेल में में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।अब तापसी अपनी आगामी फिल्म गांधारी की तैयारी में जुट गई हैं। उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है।इसके साथ तापसी ने गांधारी से अपनी कुछ झलकियां साझा की हैं, जिसमें वह तमाम स्टार कास्ट के साथ नजर आ रही हैं।

तापसी ने लिखा, हे प्रभु, मेरी प्रार्थना स्वीकार करो। मैं कभी भी अच्छे कर्म करने से विमुख न हो जाऊं। युद्ध में जाते समय मुझे शत्रुओं का भय न रहे और मैं दृढ़ निश्चय के साथ विजय हो जाऊं। मैं अपने मन को केवल आपके गुणगान करने की शिक्षा दूं। जब समय आए तो युद्ध के मैदान में वीरतापूर्वक लड़ते हुए मर जाऊं।गांधारी के निर्देशन की कमान कनिका ढिल्लों ने संभाली है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



## सुरभि ज्योति की ने शेयर की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें

टीवी एक्ट्रेस सुरभि ज्योति हाल ही में शादी के बंधन में बंधी है। इसी बीच लगातार वो अपनी खूबसूरत और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर अक्सर फैंस को अपने हुस्न का दीवाना बनाती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने भले ही थोड़े टाइम के लिए काम से ब्रेक ले रखा है, लेकिन आए दिन अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस को इस कदर दीवाना बनाती है कि लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं।

टीवी एक्ट्रेस सुरभि ज्योति इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ एन्जॉय कर रही हैं। एक्ट्रेस भले ही कुछ दिनों से एक्टिंग इंडस्ट्री से दूर हैं, लेकिन आए दिन अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को ट्रीट देती रहती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस सुरभि ज्योति ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस सुरभि ने लैवेंडर कलर की सिंपल साड़ी पहनी हुई है, जिसके साथ उन्होंने स्लीवलेस ब्लाउज कैरी किया है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं।

बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।

हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- बेला की याद आ गई। दरअसल, सुरभि ज्योति ने नागिन शो किया था, जिसमें उन्होंने बेला का किरदार निभाया था। इसलिए आज भी लोग उन्हें बेला कहकर पुकारते हैं।

वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा है- कितनी सुंदर लग रही हैं आप। तीसरे यूजर ने लिखा है- यू आर लुकिंग सो ब्यूटिफुल। अन्य यूजर ने लिखा है- गॉर्जियस।

## वरुण धवन की बेबी जॉन का नया गाना हजार बार जारी

वरुण धवन की नई फिल्म बेबी जॉन 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म में वरुण की हीरोइन कीर्ति सुरेश हैं। इस फिल्म का एक लव सॉन्ग रिलीज हुआ है। इसमें कीर्ति और वरुण रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं।

वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर एक वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो उनकी फिल्म 'बेबी जॉन' के नए गाने का है। इस गाने का संगीत मन को सुकून देने वाला है, साथ ही बोल भी दिल को छू जाते हैं। गाना सुनकर लगता है कि आने वाले दिनों में यह गाना रोमांटिक सॉन्ग की लिस्ट में अपने लिए खास जगह बना सकता है।

'बेबी जॉन' फिल्म के नए रोमांटिक सॉन्ग 'हजार बार' में वरुण धवन लवर बॉय के अंदाज में नजर आ रहे हैं। वहीं कीर्ति की सादा अंदाज भी अच्छा लग रहा है। गाने में दोनों के बीच अच्छी केमिस्ट्री नजर आ रही है। कीर्ति गाने में ही दुल्हन बनी नजर आ रही हैं।

## शब्द सामर्थ्य -272


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 271 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

# बिहान बैंक सखी ने परिजन के मृत्योपरांत दिलाया प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा का लाभ

## कलेक्टर की संवेदनशील पहल से अमर सिंह को मिली दो लाख रूपए बीमा राशि



**बैकुण्ठपुर।** प्रत्येक ग्रामीण परिवार को राष्ट्रीय बीमा योजनाओं से जुड़ना चाहिए ताकि विपदा की स्थिति में उनके परिवार को एक आर्थिक संबल मिल सके। इसके लिए आवश्यक है कि सभी कोरियावासी प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना से जुड़े। उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए जिले की संवदेनशील कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सोनहत निवासी श्री अमर सिंह को आज दो लाख रूपए का मानक चेक प्रदान कर उनके परिवार को सांत्वना दिया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें सभी बैंकर्स और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की टीम के साथ जिले के आला अधिकारी उपस्थित हुए। पहले सभी बैंकर्स से स्व सहायता समूहों के लिए बिहान टीम द्वारा प्रस्तुत किए गए समस्त प्रकरणों पर बैंकवार चर्चा हुई। बैंकर्स को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि हमें ग्रामीण आर्थिक विकास के लिए समूहों को तत्परता से ऋण राशि प्रदान करने की दिशा में कार्य करना होगा तभी हम उत्साहित महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में प्रभावी कार्य कर सकेंगे। समीक्षा के बाद कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सोनहत जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत केशगंवा में रहने वाली स्वर्गीय दुर्गावती के पति श्री अमर सिंह को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान की। विदित हो कि ग्राम पंचायत केशगंवा में रहने वाली स्वर्गीय दुर्गावती समूह से जुड़ी हुई थीं। उनका प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में मात्र 436 रूपए देकर पंजीयन हुआ था। गत दिनों बीमारी के बाद उनका निधन हो गया था। परिवार को दुख की इस घड़ी में समूह की दीदियों ने मदद करते हुए बीमा सखी के माध्यम से उनके परिजन का क्लेम बैंक में प्रस्तुत किया और गत दिवस उत्तराधिकारी के तौर पर दर्ज उनके उनके पति श्री अमर सिंह को दो लाख रूपए का बीमा क्लेम प्राप्त हुआ। जिले में बिहान योजना से जुड़कर कई दीदियां बैक सखी का कार्य करते हुए आम नागरिकों को घर पहुंच बैंकिंग सेवाओं का सीधा लाभ, बीमा पंजीयन, बीमा क्लेम आदि प्रदान करने का कार्य कर रही हैं। बीमा राशि प्राप्त करते हुए श्री अमर सिंह ने कहा कि यह मदद उनके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है और अब वह इस राशि का उपयोग व्यवसायिक गतिविधियों के लिए करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, एलडीएम कोरिया सहित सभी बैंकर्स भी उपस्थित रहे।

## श्रमवीर स्टेडियम में होगी प्रतियोगिता

**चरचा कालरी।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र द्वारा आयोजित अंतर उप क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ आज शनिवार सुबह 8 बजे स्थानीय श्रम वीर स्टेडियम में मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार उप क्षेत्रीय प्रबंधक चर्चा माइन आर ओ, डॉक्टर संजय सिंह क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी बैकुंठपुर क्षेत्र की गरिमा पूर्ण उपस्थिति में होगा प्रतियोगिता के कार्यक्रम अनुसार सुबह 8.00 बजे ध्वजारोहण 8.15 में मार्च पास्ट 8.45 में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी द्वारा टीमों का निरीक्षण हुआ 10.30 बजे से प्रतियोगिता प्रारंभ होगी प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि बी.एन. झा मुख्य महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र होंगे समापन समारोह में दोपहर 3.30 बजे स्ट्रेचर ड्रिल होगा इसके पश्चात 4 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा इस प्रतियोगिता में बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चर्चा, पांडवपारा, झिलमिली व कटको ना की टीमें भाग लेंगी।

## 6 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** बीएसयूपी कालोनी तेलीबांधा में जुआ खेलते 6 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 10320 रुपए जब्त किया है।

# आम जन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निस्वार्थ भाव से काम करें अधिकारी व चिकित्सक:स्वास्थ्य मंत्री

**कोरिया।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शुक्रवार को सिविल लाइन स्थित सर्किट हाउस के आडिटोरियम में आयोजित स्वास्थ्य विभाग के राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में शामिल हुए। शुक्रवार को शुरू हुई ये समीक्षा बैठक दो दिनों तक चलेगी। समीक्षा बैठक के पहले दिन स्वास्थ्य मंत्री ने विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि सभी अधिकारी एवं चिकित्सक आम जन के स्वास्थ्य को देखते हुए निस्वार्थ भाव से काम करें। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार विस्तार करने का काम किया जा रहा है। बिलासपुर मे 200 करोड़ की लागत से बनने वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, रायपुर के मेकाहारा में 700 बिस्तरीय एकीकृत नवीन अस्पताल भवन का 231 करोड़ रूपए का ई टेंडर, चार नवीन मेडिकल कालेजों के लिए 1 हजार 20 करोड़ का ई टेंडर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से एक वर्ष के भीतर 8 सौ से ज्यादा चिकित्सा अधिकारियों, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती, राज्य में एमबीबीएस की हिन्दी में पढ़ाई जैसे निर्णय से राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिली है। श्री जायसवाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को योजनाओं के बेहतर संचालन एवं क्रियान्वयन के जरूरी निर्देश देते हुए कहा कि आम जन तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सुनिश्चित होना चाहिए। विभागीय समीक्षा बैठक में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ ही जिलों से आए अधिकारी भी उपस्थित थे।

## घर घुसकर महिला की हत्या

**रायपुर।** रायपुरा स्थित यादव कबाड़ी दुकान के पास अज्ञात आरोपी ने एक महिला की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। मामले में डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका सुखवंतीन बाई ढीमर 40 वर्ष यादव कबाड़ी दुकान के पास डीडीनगर की रहने वाली थी। पुलिस को सूचना मिली कि अज्ञात आरोपी ने सुखवंतीन बाई की हत्या कर दी।

## अलग-अलग क्षेत्र में ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 58 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर।** उरला व कबीरनगर थाना क्षेत्र में ऑनलाइन ट्रेडिंग शेयर मार्केट से ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर दो लोगों से 58 लाख 94 हजार 700 रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार जागृतिनगर बीरगांव निवासी प्रार्थी खेमचंद पटेल 27 वर्ष ने उरला थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर 88724-13619 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थी ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग में पैसा कमाने का झांसा देकर विभिन्न खातों में 12 लाख 94 हजार 700 रुपए जमा करवा लिया। इसी तरह दूसरे मामले में हर्षित लैण्ड मार्क हीरापुर निवासी सुमीत कुमार शुक्ला 31 वर्ष ने कबीरनगर थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर 75019-93731 से कॉल आया और ऑनलाइन ट्रेडिंग में ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 46 लाख रुपए अपने खाता में जमा करवा लिया।

## जनदर्शन में ट्रांसफार्मर की मांग, तीन दिन में समाधान

**कोरिया।** जनदर्शन कार्यक्रम में 17 दिसंबर को ग्राम बेलिया के ग्रामीणों ने हसदो नदी के पास ट्रांसफार्मर लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी को आवेदन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में स्थापित ट्रांसफार्मर को हटाए जाने से करीब 20 एकड़ क्षेत्र में लगी गेहूं और चना जैसी फसलें प्रभावित हो रही थीं। कलेक्टर ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। विभाग ने तीन दिन के भीतर हसदो नदी के पास स्टॉप डेम में ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया। कनिष्ठ यंत्री, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी, सोनहत ने बताया कि फिलहाल ट्रांसफार्मर चालू नहीं किया गया है, क्योंकि अब-तक किसी ग्रामीण ने कृषि पंप के लिए विद्युत कनेक्शन का आवेदन नहीं किया है। विभाग ने जानकारी दी कि 3 एचपी कनेक्शन के लिए 6000 यूनिट प्रति वर्ष और 5 एचपी कनेक्शन के लिए 7500 यूनिट प्रति वर्ष की छूट किसानों को दी जाती है। इसके लिए कृषकों को जमीन के दस्तावेजों के साथ आवेदन करना होगा। ग्रामीणों ने त्वरित कार्रवाई के लिए कलेक्टर और बिजली विभाग का आभार प्रकट किया है। ट्रांसफार्मर से बिजली कनेक्शन लेने से फसलों को समय पर सिंचाई का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी कृषि उत्पादकता में सुधार होने की संभावना है।

## प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत चयन सूची जारी

**कोरिया।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (डब्लूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0) के अंतर्गत बैकुण्ठपुर परियोजना में डब्लूडीटी सदस्य (यांत्रिकी और आजीविका) के पदों पर भर्ती हेतु आयोजित कंप्यूटर कौशल परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। अभ्यर्थियों की चयन सूची जिले की आधिकारिक वेबसाइट www.korea.gov.in उपलब्ध है। अभ्यर्थी चयन सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

## नगरीय निकाय चुनाव पटना के लिए स्ट्रांग रूम का चयन

**कोरिया।** नगर पंचायत पटना के आगामी आम निर्वाचन 2024-25 को सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए संबंधित भवनों का चयन कर लिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, सामग्री वितरण और वापसी स्थल के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पटना जिला कोरिया को चयनित किया गया है। इस प्रक्रिया से चुनाव कार्य को व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

## मकान से लाखों रुपए का सामान पार

**रायपुर।** मेट्रोग्रीन सिटी सड्डू स्थित निर्माणाधीन मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने लाखों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# व्यापारियों के हित में काम करने पर सम्मान मिला मेमन को




**एमसीबी।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स रायपुर के द्वारा व्यापारियों के हित मे सदा खड़े रहने वाले प्रदेश उपाध्यक्ष रफीक मेमन को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया है। रफीक मेमन को छत्तीसगढ़ चेंबर में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किये जाने पर मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी के सभी व्यापारी, चेंबर पदाधिकारी और सदस्य के सहयोग से इस जिले में चेंबर की काफी सदस्यताएं बढ़ी है जो की गर्व की बात है। जिला एमसीबी के रफीक मेमन 15 वर्ष से चेंबर व्यापारिक संस्था से जुड़े हुए हैं। 3 वर्ष मंत्री के रूप में व्यापारियों को सेवा दी है। व्यापारियों की समस्या ध्यान में रखी और समस्याओं को निराकरण का प्रयास किया। 3 वर्ष सदस्य के रूप में रहे और 6 वर्ष उपाध्यक्ष पद पर में है। इन्होंने व्यापारियों के हित में काम किया है। जिले के व्यापारियों की समस्या समय-समय पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज प्रदेश कार्यालय पहुंचाते रहे है। रायपुर की कार्यकारिणी की मीटिंग में चेंबर और व्यापार मेला, चेंबर के विभिन्न आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज करते आ रहे है। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायपुर द्वारा 17 दिसंबर,2024 को कार्यकारिणी की मीटिंग में उपस्थित हुए थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्टरीज रायपुर के प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी और कोरिया एवं एमसीबी जिला के प्रभारी और चेंबर के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी ,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोहर अग्रवाल ,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह देव, प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज जैन एवं वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्यगण की उपस्थिति में चेंबर के हर आयोजन में उपस्थित रहने वाले रफीक मेमन को सम्मानित किया गया। श्री मेमन के सम्मानित होने पर चेंबर के सरगुजा संभाग प्रभारी कमल केजरीवाल , प्रदेश के मंत्री मधु पोद्दार, चेंबर चेयरमैन मनोज अग्रवाल, जिला अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष सुदामा छत्तानी, वरिष्ठ सदस्य रघुनाथ पोद्दार , गुरमीत सिंह रिंकू, विनय जायसवाल ,राजेश मंगतानी, शोएब अख्तर ,फहीम खान, सिराज अंसारी, कमल पोद्दार, योगेश ताम्रकार बंटी और चेंबर के सदस्यों ने रफीक मेमन को बधाई दी है।

## 6 छात्राओं से छेड़खानी,आरोपी शिक्षक गया जेल

### मामले पर पर्दा डालने की कोशिश करने वाले हेड मास्टर भी निलंबित

**बलरामपुर।** बलरामपुर में छात्राओं से छेड़खानी का मामला सामने आया है। वहीं इस पूरे मामले पर पर्दा डालने के आरोप में स्कूल के हेड मास्टर पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक रामानुजगंज ब्लॉक के सनावल मिडिल स्कूल में पदस्थ उर्दू शिक्षक शाहिद खान को स्कूल की 6 बच्चियों से छेड़खानी करने का आरोप है।

इस मामले में शाहिद को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। वो इस समय में जेल में हैं। मामले की जांच हुई तो ये तथ्य भी सामने आया कि छेड़खानी के संबंध में हेड मास्टर मो. इसराईल अली को पहले से ही मालूम था। लेकिन उन्होंने इस मामले पर कोई एक्शन नहीं लिया।

## महिला से 2 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर।** टेलीग्राम लिंक भेजकर टास्क पूरा करने के नाम पर महिला से 2 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार अवनी विहार दलदल सिवनी निवासी प्रार्थिया आरती पाठक 32 वर्ष ने मोवा थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर 69003-67670 से कॉल आया और उक्त व्यक्ति ने प्रार्थिया को टेलीग्राम में लिंक भेजकर टास्क पूरा करने के नाम पर 2 लाख 42 हजार 700 रुपए ठग लिए। प्रार्थिया की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## गोदाम से हजारों रुपए का कृषि दवा पार

**रायपुर।** भनपुरी स्थित वी वायर क्रॉप्ट साइंस गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 28 पेटी कृषि दवाई पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुनील अग्रवाल 88 वर्ष फुल चौक के पास मौदहापारा का रहने वाला है। प्रार्थी का भनपुरी में वी वायर क्रॉप्ट साइंस नाम से गोदाम है। जिसका अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर गोदाम से 28 पेटी कृषि दवाई पार कर दिया। चोरी गए दवाई की कीमत करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** दावड़ा कालोनी टिकरापारा स्थित घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पियूष अग्रवाल 49 वर्ष दावड़ा कालोनी टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीएल 8185 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# नेताम के क्षेत्र के तीन मंडलों में युवा नेताओं को मंडल अध्यक्ष के रूप में दी गई बड़ी जवाबदारी

**बलरामपुर।** रामानुजगंज भारतीय जनता पार्टी के जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुमोदन पर पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक की सहमति से मंडल में पार्टी द्वारा नियुक्त संगठन के पर्व सहयोगियों द्वारा सभी मंडलों में जाकर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए मंडल में उनके सम्मुख उल्लेखित कार्यकर्ताओं के सर्वसम्मति से से मंडल अध्यक्ष को निर्वाचित घोषित किया जिसमें रामानुजगंज मंडल में जनपद सदस्य सीताराम गुप्ता महावीरगंज मंडल के लिए नारद यादव वही सनवाल मंडल के लिए मुंद्रिका सिंह को मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया।

भाजपा संगठन के द्वारा महावीरगंज मंडल, रामानुजनगंज मंडल एवं सनवाल मंडल में युवा नेताओं को मंडल अध्यक्ष बनाकर बड़ी जवाबदारी दी है। रामानुजगंज मंडल के लिए कई नाम सामने आए थे अंततः युवा नेता सीताराम गुप्ता को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। जैसे ही युवा नेताओं की मंडल अध्यक्ष के रूप में घोषणा की गई वैसे ही भाजपा के कार्यकर्ताओं में हर्ष देखा गया मंडल अध्यक्षों को बधाई देने वालों का ताता लग गया। जमकर आतिशबाजी की गई एवं एक दूसरे को मिठाईयां खिलाई गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष रामानुजगंज के लिए नियुक्त जनपद सदस्य सीताराम गुप्ता ने भाजपा में राजनीति की शुरुआत बूथ स्तर में साधारण कार्यकर्ता के रूप में शुरुआत करते हुए शक्ति केंद्र प्रभारी, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष सहित कई दायित्व का निर्वहन करने के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष के रूप में जवाबदारी मिली। स्वच्छ सरल मिलनसार सभी स्वभाव के लिए जाने जाने वाले सीताराम गुप्ता के मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। भाजपा संगठन में रामानुजगंज मंडल के अंतर्गत 81 बूथ आते थे भाजपा मंडल के बड़े क्षेत्रफल को देखते हुए संगठनात्मक दृष्टिकोण से रामानुजगंज मंडल से काटते हुए महावीर गंज मंडल को बनाया गया दोनों मंडलों में 43 43 बूथ पड़ेंगे। सनवाल मंडल से पांच बूथ को काटकर महावीर गंज मंडल में जोड़ा गया। ग्राम इंद्रवतीपुर के मुंद्रिका सिंह 21 वर्ष की उम्र में सरपंच बने थे वहीं भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री कार्यवाहक जिला अध्यक्ष भाजपा जिला मंत्री वहीं वर्तमान में जनपद सदस्य हैं जिन्हें सर्वसम्मति से सनवाल मंडल का अध्यक्ष बनाया गया। ग्राम इंदरपुर के नारद यादव जो सनवाल मंडल में दो बार मंडल महामंत्री रह चुके हैं मंडल महामंत्री रहने के दौरान संगठन के लिए समर्पण भाव एवं कार्य क्षमता को देखते हुए पदोन्नति कर इस बार नए बने महावीरगंज मंडल के मंडल अध्यक्ष के बड़े दायित्व को दिया गया।

# जनप्रतिनिधि और लोक सेवकों के बीच सही तालमेल ही सुशासन का आधार: कलेक्टर




जनप्रतिनिधि और लोक सेवकों के बीच सही तालमेल ही सुशासन का आधार - श्रीमती चंदन१

**बैकुण्ठपुर।** लोकतंत्र में जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि और लोकसेवक मिलकर व्यवस्था का संचालन करते हैं जिसका मूल उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं और योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि और लोकसेवक मिलकर सुशासन के रथ को सही तरीके से चलाते हैं। आपके चेहरे पर जो संतुष्टि झलक रही है उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आपके कार्यकाल में आपको लोक सेवकों से भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है। उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधि जिस तरह से सक्रिय रहते हैं वही आने वाले समय में उनके जनाधार को व्यापक करता है। जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में सुशासन जनसेवा सम्मान समारोह के अवसर पर कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी जिला पंचायत सदस्यों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को एक अच्छे कार्यकाल की समाप्ति पर बधाई दी। जिला पंचायत की निर्वाचित सभा की आज अंतिम बैठक व सम्मान समारोह मंथन कक्ष में आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह की अपरिहार्य अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष श्री वेदांती तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस समारोह में श्रीमती वंदना राजवाड़े, श्रीमती उषा सिंह करयाम, श्रीमती चुन्नी पैकरा, श्रीमती सुनीता कुर्रे, श्रीमती ज्योत्सना राजवाड़े और श्री दृगपाल सिंह, श्रीमती फूलमती सिंह उपस्थित हुए।

आयोजन में बरगद के पौधे पर जल डालकर, दीप प्रज्वलन कर सुशासन जनसेवा सम्मान समारोह आरंभ किया गया। इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन देते हुए जिला पंचायत कोरिया के सभी सदस्यों के सरल व्यक्तित्व और उनके सहज सेवाभाव के संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने विस्तार से बताया। इसके बाद जिला पंचायत के वरिष्ठ सभापति दृगपाल सिंह ने अपने अठारह वर्ष की आयु से ग्राम पंचायत सरपंच बनने और लगातार चालीस वर्षों से जनसेवा के अनुभवों को साझा करते हुए सभी लोकसेवकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके बाद सोनहत क्षेत्र से निर्वाचित रहीं श्रीमती ज्योत्सना राजवाड़े, बचरा पोड़ी क्षेत्र से निर्वाचित रहीं श्रीमती चुन्नी पैकरा, पटना क्षेत्र से आई हुई श्रीमती संगीता कुर्रे, मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र से आई हुई श्रीमती उषा सिंह करयाम और श्रीमती वंदना राजवाड़े ने अपने कार्यकाल में सभी के सहयोग की सराहना करते हुए जनसेवा में लोकसेवकों से मिले सहयोग के लिए अपनी बाते रखीं और अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री वेदांती तिवारी ने पूरे सदन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला पंचायत जनसेवा के लिए एक बड़ा मंच है और यहां कार्य करना बेहद संतोषजनक रहा है। वह निरंतर जनसेवा से जुड़े रहे है और उन्होने अपने दायित्वों के निर्वहन में सहयोग के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद भी दिया। आयोजन में सभी जनप्रतिनिधियों को सम्मान करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया और सभी की उपस्थिति व जिला पंचायत को दिए गए सहयोग के लिए निर्वाचित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भाजपा जिला अधिकारी पांडेय लेंगे बैठक

**कोरबा।** भाजपा के जिला चुनाव अधिकारी राजा पांडेय का आज कोरबा आगमन हो रहा है। वे भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए जिला भाजपा कोर ग्रुप के सदस्यों की बैठक लेंगे। मंडल अध्यक्ष चुनाव होने के बाद अब जिलाध्यक्ष का चुनाव होगा। 30 दिसंबर तक जिला अध्यक्ष की नियुक्ति हो जाएगी। इसके लिए कई लोगों के नाम सामने आए हैं। संजय भावनानी, संतोष देवांगन, किशन अग्रवाल, हरिश थरवानी सहित और कई सदस्य हैं जो दावेदारी कर रहे हैं। चुनाव अधिकारी राजा पांडेय भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में रायशुमारी करेंगे।

## मंडल अध्यक्ष के साथ अब रहेंगे प्रतिनिधि

**कोरबा।** भाजपा में पहली बार मंडल अध्यक्ष के साथ अब प्रतिनिधि भी साथ रहकर उनका सहयोग करेंगे। मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के साथ-साथ प्रतिनिधियों की भी नियुक्ति की गई है। इसमें वरिष्ठजनों को जवाबदारी दी गई है। प्रतिनिधि कई बैठकों में शामिल होंगे एवं मंडल अध्यक्ष के नहीं रहने पर कार्यकर्ताओं का दिशा निर्देश भी करेंगे। कोरबा नगर मंडल में परविंदर सिंह, सर्वमंगला नगर में अशोक स्वर्णकार, बांकीमोंगरा में भागवत विश्वकर्मा, कटघोरा में धन्नू दुबे, उरगा में ओम साहू, बरपाली में गणेश शंकर कश्यप, फरसवानी में प्रदीप पटेल, दीपका में सूर्यप्रकाश शर्मा, करतला में नटवर शर्मा, गढ़ में दिनेश देवांगन बनाए गए हैं। जिन मंडलों में प्रतिनिधि नियुक्त नहीं किए गए हैं वहां पर नामों का विचार किया जा रहा है। संगठन को मजबूत करने और मंडल अध्यक्ष को और अधिक ताकत देने के लिए यह प्रतिनिधि नियुक्त किए जा रहे हैं।

## बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर मनोरंजन क्लब के बाउंड्रीवाल का निर्माण अब तक नहीं हो सका है। वेलफेयर कमेटी के सदस्य पहले से ही अधिकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंप चुके हैं। जेसीसी में भी इस मुद्दे को उठाया गया था। वेलफेयर कमेटी के सदस्यों का कहना है कि बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि प्रस्ताव कोरबा एरिया को भेजा गया है।

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज

**कोरबा।** इंटक की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में आज आयोजित की गई है। इस बैठक में एसईकेएमसी के केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह, महामंत्री प्रीतम पाठक, उपाध्यक्ष संदीप चौधरी सहित 6 कार्यकर्ता दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## एमपी नगर में निगम ने लगाया शिविर

**कोरबा।** महाराणा प्रताप नगर दुर्गा पूजा पंडाल में आज नगर निगम की ओर से शिविर लगाया गया। इसमें नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने के लिए टीम ने काम किया। पार्षद आशा जायसवाल ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में जनता के लिए कई काम किए गए।

## राजपुरोहित पं. बाबूलाल का निधन



**कटघोरा।** पुरानी बस्ती निवासी एवं भगवताचार्य पूज्य राजपुरोहित 92 वर्षीय पण्डित बाबूलाल का आज शनिवार तड़के 4 बजे आकस्मिक देहावसान हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों सहित क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी । उनका अंतिम दर्शन करने उनके निवास पर शुभचिंतक पहुंच रहे हैं। मल्दा घाट मुक्ति धाम में आज दोपहर 12 बजे उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर विभिन्न समाज के लोग मौजूद रहे। उन्होंने शोक सभा कर दिवंगत आत्मा की सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# कई पंचायत का खराब रिकार्ड ने अच्छी-भली पंचायतों का भुगतान लटकाया

### सिरदर्द बढ़ाया तकादों ने

**कोरबा।** उन हटकलों पर विराम लगता दिख रहा है जिनमें कहा जा रहा था कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जनवरी में हो सकते हैं। इधर 15वें वित्त से लेकर मूलभूत और समग्र विकास से जुड़े कार्यों का भुगतान प्राप्त करने में पंचायतों को दिन में तारे नजर आ रहे हैं। वजह बताई जा रही है कि आर्थिक मनमानी और लापरवाही के चक्कर में जिले के कई पंचायतों का रिकार्ड खराब है। इसके फेर में अच्छे खासे प्रदर्शन करने वाली पंचायतों का भुगतान भी अटक गया है।

अधिकारियों को लगता है कि हड़बड़ी में पंचायतों को भुगतान जारी कर दिया जाता है तो वे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आचार संहिता के प्रभावशील होने के पहले और ज्यादा मनमानी कर सकती हैं। अधिकारियों का अनुभव पहले ही इस प्रकार के मामलों में बहुत अच्छा नहीं रहा है। नतीजन बाद में रिकव्हरी जैसी कार्यवाही की गई और पंचायतों को नोटिस जारी किए गए। कुछ मामलों में संबंधितों को संसाधन और संपत्ति को यहां-वहां इंगेज कर राशि की भरपाई करनी पड़ी जबकि कुछ प्रकरणों में पेंच तब



फंस गया जब गड़बड़ी करने वाले स्वर्गवासी हो गए। सूत्रों ने बताया कि जिले की 402 ग्राम पंचायतों में खराब रिकार्ड वाली पंचायतों की संख्या सैकड़ों में है। उन्होंने या तो बिना काम कराए सरकारी राशि डकार ली अथवा स्तरहीन काम कर राशि की बंदरबांट कर ली। ऐसी पंचायतों को सी ग्रेड में शामिल किया गया है। खासतौर पर डीएमएफ के मामले में वे आगे कोई उम्मीद नहीं रखेंगी। इन सबसे अलग हटकर जमीन पर काम करने वाली पंचायतें इस बात से परेशान हैं कि उन्हें अपने काम का भुगतान आखिर क्यों नहीं किया जा रहा है। काफी पापड़ बेलने के बाद डीएससी की प्रक्रिया पूरी हो गई। ऐसे में भुगतान हो जाना था। खबर है कि तमाम जतन करने पर कुछ पंचायतों के खाते में राशि डाल दी गई है लेकिन उसका उपयोग करने के लिए अधिकारियों ने पेंच फंसा दिए हैं। ऐसे में तकादे करने वाले सरपंच के साथ-साथ सचिवों के लिए सिरदर्द बने हुए हैं।

## चुनौती ना दे सकें चोर इसलिए लोग ठंड में कर रहे रतजगा

**कोरबा।** ठंड के मौसम में अलग-अलग प्रकार के अनुभव लोगों को हो रहे हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में समीकरणों को बनते-बिगड़ते देखा जा रहा है। मौसम के रूख को देखते हुए विभिन्न क्षेत्र में चोरी की घटनाएं पिछले दिनों हुई है। लोगों ने इससे सबक लेने के साथ अपने स्तर पर व्यवस्था बनायी है। चोरों से निपटने और उन्हें हतोत्साहित करने के लिए लोगों का रतजगा करना इसी का एक हिस्सा है।

शहरी क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की श्रृंखला मौजूद है फिर भी चोरी-चकारी के मामले सामने आ रहे हैं। उनके निशाने पर स्लम इलाके हैं। हाल में ही दीपका के एमडी कालोनी में चोरों ने दो लोगों को इसलिए जख्मी कर दिया क्योंकि उन्होंने पकड़ने की कोशिश की। कई क्षेत्रों में चोरों की निगरानी इसी कारण से अब तेज की गई है।

## अहिल्या बाई के सामाजिक योगदान पर प्रतियोगिताएं आयोजित

**कोरबा।** सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए इंदौर की रानी अहिल्या बाई होल्कर का नाम इतिहास में अमर है। उनके 300 वर्ष जन्म शताब्दी पर अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे हैं। विद्यार्थी के साथ अभिभावकों को ऐसे कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है। कोरबा के सेंट जेवियर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक समारोह के अंतर्गत राजमाता अहिल्या बाई होल्कर के योगदान पर कई कार्यक्रम केन्द्रित किये गए हैं। प्राचार्य लता एन पाटिल ने बताया कि इसमें नृत्य, रंगाली प्रतियोगिता, नाटक रखी गई है, जबकि अभिभावकों के लिए मेंहदी प्रतियोगिता को शामिल किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भारतीय शैली को विद्यालय ने महत्व दिया है।

## जैन मंदिर में महामंडल विधान 24 से

**कोरबा।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर बुधवारी बाजार में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान और विश्व शांति महायज्ञ का 8 दिवसीय आयोजन 24 दिसंबर से हो रहा है। जैन मिलन समिति ने बताया कि सागर से पं. वीरेंद्र शास्त्री विधानाचार्य की भूमिका निभएंगे। अरविंद जैन और उनका समूह यहां गीत-संगीत की प्रस्तुति करेगा। पूज्य आचार्य 108 समय सागर महाराज की प्रेरणा से यह कार्यक्रम होगा। पहले दिवस सुबह 7 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इंद्र प्रतिष्ठा के बाद मंडल प्रतिष्ठा होगी। 25 से 30 दिसंबर तक प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे से मंत्राभिषेक, संकल्प, यंत्र पूजन, अनुष्ठान, महा शांतिधारा और विधान पूजन होगा। अंतिम दिवस यही प्रक्रियाएं होंगी और दोपहर से पूर्व विश्व शांति महायज्ञ होगा। कार्यक्रम के लिए कई लोगों को जिम्मेदारी दी गई है।

## सेंट जेवियर स्कूल का वार्षिक समारोह कल से

**कोरबा।** सेंट जेवियर पब्लिक स्कूल का दो दिवसीय वार्षिक समारोह 22, 23 दिसंबर को विद्यालय परिसर में किया जा रहा है। ऋतंभरा के नाम से हो रहे इस आयोजन के उद्घाटन अवसर पर जयदीप गर्ग न्यायाधीश जिला न्यायालय, विशिष्ट अतिथि जुड़ावन सिंह ठाकुर समाजसेवी और देवपहरी आरोग्यधाम के डॉ. देवाशीष मिश्रा होंगे।

## भीम आर्मी कार्यकर्ता करेंगे कंबल वितरण

**कोरबा।** भीम आर्मी के द्वारा करूमौहा व करमंदी गांव के आसपास अन्य गांवों में भी कंबल वितरण करने का निर्णय लिया है। इसके लिए गांवों में जाकर सूची बनाने का काम किया जा रहा है। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष दिलीप बंजारे ने बताया कि गांव में जाकर उन लोगों के नामों को शामिल किया जा रहा है जो काफी गरीब और बुजुर्ग हैं। जिन्हें आवश्यकता है उन्हें ही कंबल दिया जाएगा।

## लगातार सर्द हो रहीं रातें

**पसान।** उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण इस इलाके में तापमान लगातार गिर रहा है। रातों के सर्द होने से लोगों के सामने चुनौतियां हैं। वे इस मौसम में अपने बचाव को लेकर गंभीरता दिखा रहे हैं।

## अंतरक्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कोरबा बना विजेता

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व में अंतरक्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फायनल में कोरबा व हसदेव एरिया के मध्य भिड़ंत हुई। जिसमें कोरबा एरिया की टीम विजेता रही। कोरबा एरिया की टीम काफी मजबूत टीम मानी जाती है। इस टीम के अधिक खिलाड़ी एसईसीएल की टीम में भी शामिल किए जाते हैं। कप्तान नवीन सिंह ने बताया कि कोयला कामगार ड्यूटी से निकलने के बाद प्रतिदिन प्रैक्टिस करते हैं। प्रैक्टिस के चलते ही कोरबा एरिया कई बार विजेता रहा है। काफी मजबूत होने के कारण इस टीम को दूसरी टीम हरा नहीं पाता।

# शारदा विहार में सीवर लाइन जाम, जोन कार्यालय पहुंच लोगों ने निकाली भड़ास

### शिकायत पर न तो पार्षद ने ध्यान दिया न साकेत ने

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्र में हाल में ही एमपी नगर और शिवाजी नगर क्षेत्र की सीवर लाइन को ठीकठाक कराने के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृत की गई है जिससे वहां की समस्या कुछ समय के बाद बेहतर हो सकेगी। जबकि यही मामला शारदा विहार वार्ड के कई हिस्से में कायम है और लोग परेशान हैं। मुख्य मार्ग पर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल के आवासीय परिसर में सीवर लाइन जाम की समस्या के कारण लोग मुश्किल में हैं। पार्षद से लेकर साकेत भवन और जनदर्शन में शिकायत करने के बाद भी कुछ नहीं हो सका। लोगों ने आज जोन कार्यालय पानी टंकी पहुंचकर भड़ास निकाली।

शारदा विहार क्षेत्र से संबंधित समस्या को लेकर अनेक प्रभावितों ने बताया कि कई कारणों से सीवर लाइन जाम की समस्या कायम है। इसे लेकर लोगों को लगातार व्यक्तिगत तरीके से रूपए खर्च करने पड़ रहे हैं। वजह यह है कि सीवर लाइन के ठीक से काम नहीं करने पर जो स्थितियां निर्मित होती हैं उससे जन स्वास्थ्य का खतरा उत्पन्न होने की पूरी गुंजाइश रहती है। कई बार कड़वे अनुभव सामने आ चुके हैं। लोगों ने बताया कि बार-बार समस्या का



समाधान को लेकर उन्होंने स्थानीय पार्षद को बताया लेकिन उसकी ओर से कुछ नहीं किया गया। निगम कार्यालय साकेत भवन से भी कोई उम्मीद नहीं रही। इसलिए आज यहां के लोग पानी टंकी जोन कार्यालय पहुंचे। लोगों ने कहा कि अगर इतना सबकुछ होने पर भी समाधान के रास्ते नहीं आते हैं तो इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री के साथ-साथ भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन में की जाएगी।

# बिना वाइब्रेटर के ही नवागांव में 15 लाख की सड़क उखड़ना शुरू, आखिर यह कैसे हो सकेगी टिकाऊ

**कोरबा।** सरकारी विभागों के साथ निकायों में सड़क निर्माण से संबंधित कामकाज कराने के लिए कई प्रकार के मापदंड सुनिश्चित हैं। इंजीनियरिंग मैनुअल में ऐसे कई प्रावधान शामिल किए गए हैं जिसके बिना सड़क का निर्माण नहीं किया जा सकता क्योंकि गुणवत्ता और दीर्घकालिक टिकाऊपन के लिए यह सब जरूरी है। यह बात अलग है नगर पालिका क्षेत्र कटघोरा के नवागांव में 15 लाख की सीसी रोड गलब तरीके से बन रही है। यह अभी से उखड़ना शुरू हो गई है। खास बात यह है कि इसके निर्माण में वाइब्रेटर का सहारा लेने की जरूरत नहीं समझी जा रही है।





नवागांव क्षेत्र में सुविधा देने के लिए पिछले दिनों 250 मीटर लंबी सीसी रोड का प्रस्ताव सामने आया जो स्वीकृत हुआ। इस पर अगली कार्यवाही की गई और फिर नगर पालिका ने निर्माण का ठेका दिया। कामकाज शुरू हो गया है और इसके साथ ही गड़बड़ी भी देखने को मिल रही है। वार्डवासियों ने नगर पालिका परिषद व ठेकेदार पर आरोप लगाया है कि ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण मनमानी ढंग से और बिना गुणवत्तापूर्वक किया जा रहा है। जिसमे सड़क की मोटाई से लेकर अभी से ही पहले की बनी सड़क उखड़ने लगी है। सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण में जमीन के नीचे पॉलीथिन बिछाने की अनिवार्यता है और इसकी लागत ठेके में शामिल रहती है, लेकिन यहां बन रही सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण के पहले पॉलीथिन का उपयोग नहीं किया गया है। ठेकेदार द्वारा इस बिंदु को भी नजरअंदाज किया गया है। लेकिन वार्ड नं 5 नवागांव में बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा पॉलीथिन का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। सीसी सड़क निर्माण की मजबूती के लिए वाइब्रेटर मशीन का उपयोग किया जाना रहता है लेकिन वार्ड 5 नवागांव में बन रहे सीसी सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा वाइब्रेटर मशीन का उपयोग नही किया जा रहा है। ऐसे में सड़क कब तक टिकेगी यह वार्डवासियों में चर्चा का विषय है।

### जांच करने पहुंचे इंजीनियर से बदसलूकी

शिकायत के बाद नगर पालिका के इंजीनियर मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा तो इसकी जांच की बात कही। इस बात पर मौके पर मौजूद ठेकेदार ने इंजीनियर के साथ बदसलूकी करते हुए कहा गया कि जो करना है कर लें काम का बिल में नगर पालिका से पास करवा लूंगा। जब इस मामले पर इंजीनियर से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कुछ बताने के लिए मना कर दिया।

## प्रयाग महाकुंभ के लिए राजपूत क्षत्रिय समाज ने 251 थाली व थैले दिए



**कोरबा।** महाकुम्भ प्रयागराज 2025 हरित कुम्भ स्वच्छ कुम्भ- स्वस्थ कुम्भ के तहत बड़े स्तर पर कोशिश की जा रही है। अनावश्यक प्लास्टिक सामानों से दूरी बनाने के लिए लोग थाली व थैले भेंट कर रहे हैं। इसी कड़ी में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि विभाग व विहिप को राजपूत क्षत्रिय समाज जिला कोरबा के द्वारा 251 थाली एवं थैला भेंट किए गए। संगठन की ओर से यह सामाग्री कैप्टन मुकेश अदलखा एवं विजय राठौर ने प्राप्त की। इस कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष अवधेश सिंह , महासचिव दिनेश सिंह,कोषाध्यक्ष बच्चू सिंह,राज सिंह,छन्नू सिंह, मंटू सिंह, शैलेश सिंह सोमवंशी, गुलजार सिंह ,नरेंद्र सिंह ,राजेंद्र सिंह ,सुरेंद्र बहादुर सिंह, स्मिथ सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## पदोन्नति पर चर्चा

**कोरबा।** एसईकेएमसी गेवरा एरिया की बैठक यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें पदोन्नति सहित कई मामलों पर विचार विमर्श किया गया। कई ऐसे कार्य हैं जिसके आवेदन प्रबंधन को दिए गए हैं। उन कामों पर भी विचार विमर्श किया गया। इन कार्यों के लिए और अधिक ताकत लगाने की बात कही गई। देखने में आया है कि कई ऐसे मामले महीनों से लंबित हैं जिन पर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है। कोयला कामगार प्रतिदिन अपनी समस्याओं को लेकर नेताओं के पास पहुंचते रहते हैं लेकिन काम नहीं होने पर कामगार हताश हो जाते हैं। बैठक में गोपाल यादव, एम.पी.सिंह, छंदराम राठौर, जीवराखन चंद्रा, राहुल मिश्रा, सीताराम साहू, धरम सिंह कंवर, हरनाम सिंह सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जीएसआर 220 अधिसूचना रद्द करे सरकार वरना आंदोलन

### 12 लाख से ज्यादा केमिस्ट और ड्रगिस्ट के हितों पर असर

**कोरबा।** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्टस एवं ड्रगिस्टस (एआईओसीडी) ने भारत सरकार से मांग की है कि कोविड-19 महामारी के दौरान घर-घर दवाइयां पहुंचाने की विशेष अनुमति तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। क्योंकि इसका अब दुरुपयोग हो रहा है और हमारे हितों पर विपरित असर पड़ रहा है। कहा गया है कि अन्य स्थिति में एआईओसीडी देशव्यापी आंदोलन करेगा।

संगठन के अध्यक्ष और महासचिव ने बताया कि भारत में सभी 12.40 लाख केमिस्ट एवं वितरकों के हित इससे खतरे में हैं। उन्होंने तीसरी बार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याणमंत्रालयके सचिव को पत्र लिखकर कोविड-19 महामारी के दौरान जारी अधिसूचना जीएसआर 220 (ई) को रद्द करने की अपील की है। यह अधिसूचना जीएसआर 220 (ई) कोविड महामारी के दौरानमार्च 2020 में प्रकाशित की गई थी, जिसमें दवाओं के निर्माण, बिक्रीऔर वितरण को विनियमित करने के लिए औषधि अधिनियम की धारा 26बी के तहत कुछ शर्तों के साथ आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया था, और इसके तहत घर-घर दवाइयों की आपूर्ति की अनुमति दी गई थी और कुछ नियमों, जैसे दवाओं की बिक्री के लिए प्रिस्क्रिप्शन पर मुहर लगाने की आवश्यकता (नियम 65) को अस्थायी रूप से केवल विशेष परिस्थितियों के रूप में अलग रखा गया।

अध्यक्ष जे.एस. शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने कहा कि इस अधिसूचना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय दवा विक्रेताओं के माध्यमसे आपातकालीन स्थितियों में दवाओं की डिलीवरी करना था, लेकिनअब स्विगी और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्मस द्वारा आवश्यक नियामकसुरक्षा उपायों का पालन किए बिना घर पर दवाएं पहुंचाने के लिए इसका दुरुपयोग किया जा रहा है ये सभी अवैधप्लेटफॉर्म बिना किसीवैध प्रिस्क्रिप्शनके दवाएं विक्रय कर रहे हैं।

## कुनाल का स्वागत

**कोरबा।** युवा कांग्रेस के बांकीमोंगरा ब्लॉक अध्यक्ष कुनाल आजाद का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। ज्ञातव्य है कि युवक कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष रहमान खान के अनुशंसा पर पांच नए ब्लॉक अध्यक्ष बनाए गए हैं। यह पांच नए ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम राठौर, सद्दाम हुसैन, राजेंद्र यादव, राजेश यादव अपने-अपने ब्लॉक क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं।

## टिकट दिलाने वालों की पूछपरख शुरू

**कोरबा।** भाजपा और कांग्रेस के उन नेताओं की पूछपरख फिर शुरू हो गई है जो निगम या पालिका चुनाव में कार्यकर्ताओं को टिकिट दिलाने की क्षमता रखते हैं। कार्यकर्ताओं को इनके यहां चक्कर लगाते हुए देखा जा सकता है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com